Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 07 अंकः 40 | मंगलवार, 10 फरवरी -2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रूपया

### किसी भी नई टेक्नोलॉजी से डरने की जरूरत नहीं बस उसे अपना मालिक न बनने दें:प्रधानमंत्री

# मोबाइल के गुलाम बन रहे बच्चे: पीएम मोदी



**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को छात्रों से कहा कि उन्हें किसी भी नई टेक्नोलॉजी से डरने से जरूरत नहीं है, बस उसे अपना मालिक न बनने दें। यह चाहे मोबाइल हो या फिर एआई या भविष्य में आने वाली कोई टेक्नोलॉजी हो। पीएम मोदी ने इस दौरान बच्चों में देखी जा रही मोबाइल लत का उदाहरण दिया और कहा कि कुछ बच्चे ऐसे हो गए हैं, जो मोबाइल के इतने गुलाम हो गए हैं कि मोबाइल नहीं तो खाना नहीं खा सकते। टीवी नहीं है तो वो जी नहीं सकते है। पीएम ने इस दौरान बच्चों को अच्छे लीडर बनने का मंत्र भी दिया और कहा कि लीडर बनने का मतलब सिर्फ चुनाव लड़ना या राजनीतिक दल बनाना नहीं है, बल्कि हम अपनी बात लोगों पर बगैर थोपे कैसे समझा पाए, यह भी होता है। पीएम मोदी परीक्षा पे चर्चा के नौवें संस्करण के दूसरे एपिसोड में देश के अलग- अलग हिस्सों के छात्रों से परीक्षा व जीवन से जुड़ी चुनौतियों पर बात करे हैं। साथ ही उनके सवालों का जवाब दे रहे थे। कोयंबटूर, रायपुर, गुजरात व गुवाहाटी में छात्रों के साथ बातचीत में एआई से जुड़े सवाल पर पीएम ने कहा कि एआई ( आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ) जैसी उभरती टेक्नोलॉजी से डरने की नहीं. उनका इस्तेमाल अपने स्किल्स को बेहतर बनाने व क्षमता बढ़ाने के लिए करना चाहिए। प्रधानमंत्री ने छात्रों से परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए पिछले वर्ष के प्रश्नपत्रों का अभ्यास करने और अच्छी नींद लेने की सलाह दी 'परीक्षाओं की अच्छी तैयारी के बाद आपको कभी तनाव महसूस नहीं होगा।

# पाकिस्तान को आखिरकार झुकना ही पड़ा भारत के सामने

### भारत के साथ ब्लॉकबस्टर मुकाबला खेलने को हुआ तैयार

**नई दिल्ली।**



टी-20 विश्व कप में 15 फरवरी को कोलंबो में भारत के साथ खेलने के लिए पाकिस्तान तैयार हो गया है, लेकिन वह पाकिस्तानी जनता के सामने जाने के लिए उपयुक्त बहाना तलाश रहा है, इसीलिए उसने आधिकारिक घोषणा के लिए मंगलवार तक का समय मांगा है। रविवार को आईसीसी उपाध्यक्ष इमरान ख्वाजा लाहौर पहुंचे और पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम बुलबुल व अन्य क्रिकेट बोर्डों के साथ मैराथन बैठक की। इसके बाद सोमवार रात को पाकिस्तान के गृहमंत्री और पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि भारत के साथ खेलने को लेकर अंतिम फैसला अगले 24 घंटे में हो जाएगा। इस मामले पर आईसीसी और बीसीबी के साथ लगातार बातचीत जारी है। हालांकि सूत्रों का कहना है कि नकवी ने बैठक के बाद प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से बात की और उसके बाद पाकिस्तान का भारत से मैच खेलना तय हो गया है। आईसीसी ने इसके बाद एक सधी हुई प्रेस रिलीज जारी की जिसमें कहा गया कि इस टूनार्मेंट से हटने के बावजूद बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) पर कोई जुमार्ना और प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा। इससे पहले बीसीबी ने भी बयान दिया कि वह पीसीबी से आग्रह करता है कि पाकिस्तान टी20 विश्व कैप भारत के विरुद्ध होने वाले मैच को खेले।


## डिजिटल धोखाधड़ी से 54,000 करोड़ रुपये हड़पे जाना पूरी तरह से डकैती



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार, 9 फरवरी को डिजिटल धोखाधड़ी के जरिए देशभर में 54,000 करोड़ रुपये से अधिक की हेराफेरी पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि यह पूरी तरह से लूट या डकैती है। शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया है कि वह ऐसे मामलों से निपटने के लिए आरबीआइ, बैंकों, दूरसंचार विभाग और अन्य संबंधित पक्षों के साथ परामर्श करके चार महीने के भीतर एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करे। कोर्ट ने यह भी कहा कि बैंकों की ये जिम्मेदारी है कि वे ऐसा तंत्र विकसित करें, जिनसे ग्राहकों को बड़े और संदिग्ध लेनेदेन के बारे में तुरंत अलर्ट किया जा सके। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जोयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने डिजिटल धोखाधड़ी के पीड़ितों के मामलों में स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की।

# लोकसभा सचिवालय अडिग, कुछ सदस्यों के आचरण के कारण पीएम के लिए था जोखिम

**नई दिल्ली।**



लोकसभा में विपक्षी सदस्यों के रुख के कारण प्रधानमंत्री के जोखिम वाला मामला अब तूल पकड़ने लगा है। कांग्रेस की महिला सदस्यों की ओर से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को चिट्ठी लिखकर आपत्ति जताई गई।

लोकसभा सचिवालय के सूत्रों का कहना है कि उस दिन अध्यक्ष ने जो बातें कही थी वह परिस्थिति के अनुसार बिल्कुल सही थी। दरअसल, उस दिन लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा था कि उन्हें पक्की जानकारी है कि विपक्षी सदस्य प्रधानमंत्री की कुर्सी के समीप कुछ अप्रत्याशित करने वाले थे। कांग्रेस की महिला सदस्यों ने लिखा है कि वह सदन में सबके साथ एक व्यवहार चाहती हैं। सरकार को जिम्मेवारी बनाना चाहती है लेकिन उन्हें निशाना बनाया जा रहा है।

गौरतलब है कि गुरुवार को जब प्रधानमंत्री राष्ट्रपति अभिभाषण पर चर्चा का जवाब देने के लिए आए थे तो कई विपक्षी महिला सदस्य उनकी कुर्सी के आसपास आ गई थी। कुछ घेराव की मुद्रा में। कुछ बैनर के साथ आक्रामक मुद्रा में सत्तापक्ष की ओर बढ़ी थीं। लोकसभा अध्यक्ष ने पीएम से आने के लिए किया मना लिहाजा दूसरे दिन जब लोकसभा अध्यक्ष ने ही प्रधानमंत्री को आने से मना कर दिया था। सचिवालय का कहना है कि विपक्षी सदस्यों का तेवर नहीं बदला था। अध्यक्ष के कमरे में भी विपक्षी सदस्य उग्र थे। असंसदीय भाषा का उपयोग कर रहे थे। यहां तक कि एक सदस्य ने कहा- देखते हैं प्रधानमंत्री क्या करते हैं।

# भारत और ग्रीस ने रक्षा औद्योगिक सहयोग के संयुक्त घोषणा पत्र को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।**



भारत और ग्रीस ने देशों के बीच रक्षा औद्योगिक सहयोग को मजबूत करने के लिए एक संयुक्त घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किए, जो साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए पांच वर्षीय रोडमैप विकसित करने का एक प्रारंभिक बिंदु है। यह समझौता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा यहां मानेकशा सेंटर में ग्रीक गणराज्य के राष्ट्रीय रक्षा मंत्री निकोलाओस-जार्जियस डेंडियास के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद किया गया।

राजनाथ सिंह ने सोमवार को एक्स पर एक पोस्ट में ग्रीक पक्ष से इस घोषणा का स्वागत किया कि उस देश का एक अंतरराष्ट्रीय समन्वय अधिकारी सूचना फ्यूजन सेंटर-भारतीय महासागर क्षेत्र (आइएफसी-आइओआर), गुरुग्राम में तैनात किया जाएगा, ताकि दोनों देशों के बीच समुद्री सहयोग को बढ़ाया जा सके। सिंह ने कहा, "आज नई दिल्ली में ग्रीक गणराज्य के राष्ट्रीय रक्षा मंत्री श्री निकोलाओस-जार्जियस डेंडियास से मिलकर खुशी हुई। भारत और ग्रीस ने द्विपक्षीय रक्षा औद्योगिक सहयोग को मजबूत करने के लिए संयुक्त घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किए और वर्ष 2026 के लिए द्विपक्षीय सैन्य सहयोग योजना का आदान-प्रदान किया।" बैठक के दौरान दोनों मंत्रियों ने दोहराया कि भारत-ग्रीस रणनीतिक साझेदारी "शांति, स्थिरता, स्वतंत्रता और आपसी सम्मान के साझा मूल्यों" पर आधारित है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि दोनों देशों ने 'आत्मनिर्भर भारत' और 'एजेंडा 2030' के तहत ग्रीक रक्षा सुधारों के बीच साझेदारी के माध्यम से अपने स्वदेशी रक्षा उद्योगों की क्षमता बढ़ाने का निर्णय लिया।

# मणिपुर के उखरुल में भड़की हिंसा, उग्रवादियों ने कई घरों में लगाई आग

**नई दिल्ली।** मणिपुर के उखरुल जिले में हिंसा भड़क गई है। सशस्त्र उग्रवादियों ने कई घरों में आग लगा दी है। शनिवार रात लिटान गांव में सात से आठ लोगों द्वारा तंगखुल नगा समुदाय के एक सदस्य पर हमला किए जाने के बाद बढ़ते तनाव के बीच हिंसा की यह घटना हुई है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया रविवार शाम जिले के लिटान गांव में दो आदिवासी समूहों ने पथराव किया, जिसके कारण प्रशासन को निषेधाज्ञा लागू करनी पड़ी। मध्यरात्रि के आसपास लिटान सारेइखोंग में तंगखुल नगा समुदाय के कई मकानों में कथित तौर पर कुकी उग्रवादियों ने आग लगा दी। पास के ही एक इलाके में कुकी समुदाय के कुछ लोगों के मकानों को भी जला दिया गया। सुरक्षा बलों ने लिटान सारेइखोंग गांव में आपस में भिड़े दो आदिवासी समूहों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे।



## प्रदेश में मौसम ने ली करवट, आज गरज के साथ तेज हवाएं चलने का येलो अलर्ट

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में सोमवार से मौसम ने करवट ली। शिमला समेत प्रदेशभर में सुबह से ही छाए रहे। लाहौल-स्पीति की चोटियों पर बर्फ के फाहे गिरे। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मंगलवार यानी आज पूरे प्रदेश में मौसम खराब रहेगा। हिमाचल प्रदेश में सोमवार से मौसम ने करवट ली। शिमला समेत प्रदेशभर में सुबह से ही छाए रहे। लाहौल-स्पीति की चोटियों पर बर्फ के फाहे गिरे। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मंगलवार यानी आज पूरे प्रदेश में मौसम खराब रहेगा।

## प्रदूषण के खिलाफ दिल्ली में 365 दिन चलेगा अभियान



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का कहना है कि प्रदूषण के विरुद्ध लड़ाई केवल सर्दियों में ही नहीं, बल्कि पूरे साल चलने वाला अभियान है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पिछली सरकार की लापरवाही के चलते वायु प्रदूषण लगातार गंभीर बन गया, जिसे नियंत्रित करने के लिए उनकी सरकार अब गंभीर व प्रभावी कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण पर काम करना सिर्फ तीन-चार महीनों की जिम्मेदारी नहीं है। यह 365 दिन का विषय है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को छह नए वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्रों का ऑनलाइन उद्घाटन किया जबकि 100 वायु रक्षक वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दिल्ली सचिवालय में आयोजित इस कार्यक्रम में पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा व पर्यावरण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने इस बात पर विशेष बल दिया कि वायु गुणवत्ता डेटा पूरी तरह पारदर्शी होता है जिसे किसी भी स्तर पर बदला नहीं जा सकता। उन्होंने जानकारी दी कि पीएम 10 और पीएम 2.5 का डेटा हर घंटे और अन्य मानकों का डेटा हर पांच मिनट में ऑनलाइन अपडेट होता है। यह डेटा सार्वजनिक है, इसे छुपाया नहीं जा सकता। मुख्यमंत्री ने पिछली सरकारों की नीति पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि पहले सोच यह थी कि थोड़े दिन शोर मचाओ और फिर भूल जाओ।

**छह नए वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्रों ने शुरू किया काम**

# हिंद महासागर में शांति के लिए साथ चलेंगे भारत-मॉरीशस



**नई दिल्ली।**

मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बात की और दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई। मोदी ने रामगुलाम से कहा कि वे अगले सप्ताह एआइ प्रभाव सम्मेलन के लिए भारत में उनका स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'अपने मित्र, प्रधानमंत्री डा. नवीनचंद्र रामगुलाम का फोन आने से मुझे बहुत खुशी हुई। हमने पिछले साल वाराणसी में हुई यादगार मुलाकात के बाद से भारत और मॉरीशस के बीच व्यापक सहयोग में हुई प्रगति की समीक्षा की'। पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देशों को जोड़ने वाले विशेष, ऐतिहासिक और जन-केंद्रित संबंधों को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई गई। भारत और मॉरीशस हिंद महासागर क्षेत्र में शांति और स्थिरता के साझा उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए मिलकर काम करना जारी रखेंगे। मार्च 2025 में प्रधानमंत्री मोदी की मॉरीशस यात्रा के बाद रामगुलाम सितंबर 2025 में भारत की राजकीय यात्रा पर आए थे, जो उनके वर्तमान कार्यकाल में उनकी पहली विदेशी द्विपक्षीय यात्रा थी। प्रधानमंत्री मोदी और उनके मॉरीशस समकक्ष ने वाराणसी में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की थी, जिसमें दोनों पक्षों ने दोनों देशों के बीच उन्नत रणनीतिक साझेदारी की व्यापक समीक्षा की और पारस्परिक हित के क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने के नए अवसरों की पहचान की, जो दोनों देशों, उनकी जनता और क्षेत्र के लिए साझा समृद्धि को बढ़ावा देगा।

**पीएम मोदी से नवीनचंद्र रामगुलाम ने फोन पर की बात**

## संपादक की कलम से

# सड़क पर खुले गड्ढे

घ घटना के तूल पकड़ लेने के बाद दिल्ली जल बोर्ड के तीन इंजीनियरों को निलंबित करने और उप–ठेकेदार को गिरफ्तार करने के अलावा गैरइरादतन हत्या की धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। दिल्ली के जनकपुरी इलाके में खुले गड्ढे में गिर कर एक मोटरसाइकिल सवार की मौत की घटना ने फिर यही साबित किया है कि सरकार के संबंधित महकमे किस कदर संवेदनहीन और गैरजिम्मेदार हैं। इस बात की कोई फिक्र नहीं दिखती कि अधिकारियों की लापरवाही से किसी की जान तक चली जा रही है। गौरतलब है कि जनकपुरी इलाके में डिस्ट्रिक सेंटर के नजदीक सीवर पाइपलाइन परियोजना के लिए करीब पंद्रह फुट गहरा गड्ढा खोदा गया था, जो खुला था। गुरुवार रात काम के बाद घर लौटते हुए एक पच्चीस वर्षीय युवक उसी गड्ढे में गिर गया और उसकी मौत हो गई। उसके परिजन रात भर उसे खोजते रहे, लेकिन उन्हें सुबह घटना की जानकारी मिली। खबरों के मुताबिक, घटना की जानकारी एक उप–ठेकेदार को रात में मिल गई थी, मगर उसने न तो पुलिस को बताना जरूरी समझा, न ही समय पर आपातकालीन सेवा को सूचित किया। घटना के तूल पकड़ लेने के बाद दिल्ली जल बोर्ड के तीन इंजीनियरों को निलंबित करने और उप–ठेकेदार को गिरफ्तार करने के अलावा गैरइरादतन हत्या की धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। मगर अधिकारियों की जिस जानलेवा लापरवाही की वजह से एक व्यक्ति की जान चली गई, वह कब तक एक रिवायत की तरह बनी रहेगी। सड़कों के किनारे खुले गड्ढे या मैनहोल में किसी के गिर जाने से बुरी तरह घायल होने या फिर मौत की यह कोई पहली घटना नहीं है। विचित्र यह है कि जो मामले सुर्खियों में आ जाते हैं, उन पर सरकार कार्रवाई करती दिखती है, मगर थोड़े ही दिनों बाद फिर हर तरफ लापरवाही का आलम छाया दिखता है।



ललित शर्मा
संपादक

## उदय किशोर साह



### खूबसूरत है नजारा

कविता

आ जा सनम मेरे लिये अपनी ही छत पे एक बार
दिल में कैद हसरत मचल रही है दीदार कोबार बार
कितना खूबसूरत है धरा पे ये मौसम की नजारे
चार चाँद गागन पे खिले मुस्कारा रहे हैं जहां सितारे

संगमरमरी सी दुधिया प्रकाश चारू चन्द्र की ये किरण
अवनी और अंबर में बिखरी है चादर ओढ़े है कण कण
तन में मन को पुरवाई वयार प्यार से हमें सहला जाती
वन उपवन की गोद में बिठा हमें लौरी सुलाने आती

पहाड़ों से गिरता। झूमता वो देखो अल्हड् सी नदियां
जिनकी तलहट्टी में आज भी बसी है दर्जनों ही बस्तियां
मन को पागल बना रही है ये हँसीन। चंचल सी वादियां
शहनाई की धूम मची है बावले की हो रही है शादियां

झूम रही है मस्ती में मंजरी संग अमुवा की ये डालियां
पिया से मिलने के लिये तड़प रही है विरहा में विरहनियां
कलियों ने घूंघट ओढ़ ली देख आता जब अपनी ही माली
शर्म से मुँह छुपा रही है वो देखो मधुकर की छोटी साली

चेहरा अपनी दिखा जा जानम तुँ मेरी बन जा हमराज
दोनों गगन में उड़ जायें बन जायें आज जोड़ा परवाज
जहाँ मिलन की सजी हो अपनी एक सुन्दर सा आशियाना
भूल जायें सारे ही गम के जो बजते थे बन कर कातिलाना

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# घुटनों के दर्द को न करें नजरअंदाज

*घुटनों में होने वाली किसी भी समस्या का असर आपके पूरे शरीर पर पड़ सकता है। समय रहते इसके कारणों को समझना और सही इलाज बेहद जरूरी होता है। यदि इसको नजरअंदाज किया जाता है, तो सर्जरी तक की नौबत आ सकती है। आज के समय में घुटनों और जोड़ों के दर्द की समस्या आम होती जा रही है। पहले यह समस्या बुजुर्गों में देखी जाती थी। लेकिन आजकल जिस तरह की लोगों की लाइफस्टाइल हो गई है। युवाओं में भी जोड़ों की समस्याएं काफी बढ़ गई हैं। अधिक वेट, ऑफिस में लंबे समय तक बैठकर काम करना, फिजिकल एक्टिविटी में कमी की कारण बड़ी संख्या में लोग दर्द से परेशान हैं। घुटना हमारे शरीर का सबसे महत्वपूर्ण जोड़ होता है। जोकि उठने–बैठने, चलने, रोजमर्रा के कामों और सीढ़ियां चढ़ने जैसे कामों में मदद करता है। इसलिए इस तरह की समस्याओं से बचने के लिए कम उम्र से ही सतर्क हो जाना चाहिए।*

**पूरे शरीर पर होता है असर..........**

घुटनों का दर्द आपके पूरे शरीर को प्रभावित कर सकता है। दर्द की वजह से चलना-फिरना कम हो जाता है, जिस कारण मांसपेशियां कमजोर होने लगती हैं। फिजिकल एक्टिविटी कम होने से वेट बढ़ता है और शुगर, हृदय और ब्लड प्रेशर जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। वहीं घुटनों में होने वाला दर्द गंभीर नहीं होता, लेकिन ऑस्टियो आर्थराइटिस, चोट और जोड़ों में तनाव आदि का यदि समय रहते इलाज नहीं किया जाता है, तो यह गंभीर रूप ले सकता है।

**व्यायाम है जरूरी...............**

नियमित रूप से व्यायाम की आदत घुटनों की समस्या को कम करने में कारगर साबित हो सकती है। क्वाड्रिसेप्स, स्ट्रेंथ ट्रेनिंग व्यायाम और हैमस्ट्रिंग की मांसपेशियों को केंद्रित करती है। जिससे दर्द को कम करने में मदद मिलती है। बॉडी के सक्रिय रहने से वेट को कंट्रोल करने और मांसपेशियों को स्वस्थ रखने में सहायता मिलती है। इससे आप अपने घुटनों को स्वस्थ रख सकते हैं। गठिया जैसी दिक्कतों से बचने के लिए व्यायाम की भूमिका अहम है।

**ऐसी डाइट लें................**

आपको ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर डाइट जैसे अलसी, अखरोट और मछली सूजन को कम करने में सहायता करते हैं। वहीं विटामिन डी और कैल्शियम हड्डियों को मजबूत बनाते हैं। इससे भरपूर चीजों को नियमित रूप से अपनी डाइट का हिस्सा बनाएं। यह पोषक तत्व शरीर को हेल्दी रखने के साथ घुटनों की समस्या को भी कम करते हैं। वहीं प्रोसेस्ड फूड और अधिक नमक-शुगर सूजन को बढ़ा सकते हैं। इसलिए इनके सेवन से बचना चाहिए।

**कंट्रोल में रखें वजन..............**

शरीर का अधिक वजन घुटने के दर्द को बढ़ाने वाला हो सकता है। यह गठिया के एक कारणों में से एक है। वेट ज्यादा होने से जोड़ों पर दबाव बढ़ता है और वहां की मांसपेशियां प्रभावित हो सकती हैं। शोधकताओं के मुताबिक अगर नियमित रूप से व्यायाम किया जाए, तो वेट कंट्रोल में रखने और आर्थराइटिस के खतरो को काफी हद तक कम करने में मदद मिल सकती है।

**सही जूतों का चयन............**

आमतौर पर हम सभी ध्यान नहीं देते हैं, लेकिन खराब क्वालिटी वाले जूते, ऊंची एड़ियों वाली सैंडिल भी घुटनों और जोड़ों की समस्याओं की वजह बन सकती है। इसलिए आरामदायक और अच्छे जूते पहनें। जिन लोगों को गठिया की समस्या है, उनको इस पर विशेष रूप से ध्यान देने की जरूरत है। सही जूते एड़ी और घुटनों की कई समस्याओं से बचाने में आपके लिए मददगार हो सकते हैं।



# अब वजन बढ़ने की टेंशन छोड़िए, बस शकरकंद से बनाएं गुलाब जामुन

स र्दियों के मौसम में मीठा खाने की चाह अपने आप बढ़ जाती है। इस समय घरों में गाजर का हलवा, मूंग दाल का हलवा जैसी पारंपरिक मिठाइयां खूब बनाई जाती हैं। लेकिन वजन बढ़ने की चिंता के कारण कई लोग इन्हें खाने से बचते हैं। ऐसे में शकरकंद से बने गुलाब जामुन एक बढ़िया और स्वादिष्ट विकल्प हो सकते हैं, जो सेहत के साथ स्वाद का भी पूरा ध्यान रखते हैं। सर्दियों के मौसम में कुछ मीठे खाने की जरुर क्रेविंग होती है। ठंड के मौसम में लोगों के घरों में गाजर का हलवा, मूंग दाल का हलवा, लड्डू के बनने की खुशबू आने लगती है। इस मौसम में इन्हें खाने का मजा अलग ही होता है। अक्सर होता है कि लोग वजन बढ़ने के कारण मीठे को छूना पसंद नहीं करते हैं। इन्हें बहुत कंट्रोल करना पड़ता है। अगर आप भी मिठाई खाना चाहती हैं और ये भी चाहती हैं कि ज्यादा कैलोरी न हो तो आप बिल्कुल सही जगह पर हैं। आपको इस मौसम में शकरकंद भी आसानी से मिल जाएंगे। ये सेहत के लिए भी काफी फायदेमंद होते हैं। इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे शकरकंद से गुलाब जामुन कैसे बनाएं।





## शकरकंद गुलाब जामुन बनाने के लिए सामग्री

- शकरकंद दो मीडियम साइज के उबले और मैश किए हुए
- मावा आधा कप
- मैदा बड़े चम्मच
- इलायची पाउडर आधा चम्मच
- बेकिंग सोडा एक चुटकी
- तेल या घी तलने के लिए

### चाशनी के लिए

- चीनी एक कप
- पानी आधा कप
- इलायची 3 से 4 कुटी हुई
- गुलाब जल एक छोटा चम्मच

## कैसे बनाएं शकरकंद से गुलाब जामुन ?

- सबसे पहले आप शकरकंद को उबालकर छील लें और अच्छे से मैश कर लें।
- अब मैश किए हुए शकरकंद में मावा, मैदा, इलायची पाउडर और बेकिंग सोडा डालें।
- इसके बाद सभी को मिलाकर सॉफ्ट आटा गूंथ लें
- जरुरत पड़ने पर थोड़ा सा दूध मिला सकती हैं।
- अब आटे से छोटे–छोटे गोले बना लें जिसमें दरार न पड़े
- इसके बाद तेल या घी गर्म कर लें।
- गुलाब जामुन जब हल्के ब्राउन हो जाएं, तो इन्हें निकाल लें।
- चाशनी थोड़ी गाढ़ी हो जाए, तब गैस बंद करके गुलाब जल मिला दें।
- अब तले हुए गुलाब जामुन को गर्म चाशनी में डाल दें और आधे घंटे के लिए छोड़ दें।
- यह लीजिए आपके शकरकंद से बने गुलाब जामुन तैयार हैं।

# वर्दी का सौदा : जब कानून ब्लैकमेल की भाषा बोलने लगे



प्रियंका सौरभ


हरियाणा पुलिस की एक महिला इंस्पेक्टर का निलंबन महज एक प्रशासनिक कार्रवाई नहीं है, बल्कि यह उस सड़ांध की ओर इशारा करता है जो वर्दी के भीतर चुपचाप फैल रही है। आरोप है कि एक कॉलोनाइजर को तंत्र-विद्या के जाल में फँसाकर, एफआईआर रद्द कराने के बदले शारीरिक संबंध बनाए गए और बाद में डर व ब्लैकमेल के सहारे एक लाख रुपये की मंथली माँगी गई। यदि ये आरोप सही साबित होते हैं, तो यह मामला केवल व्यक्तिगत नैतिकता या चरित्र तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरे आपराधिक न्याय तंत्र की विश्वसनीयता पर गहरा सवाल खड़ा करता है। यह घटना इसलिए भी अधिक खतरनाक है क्योंकि इसमें तीन ताकतवर हथियार एक साथ इस्तेमाल हुए–वर्दी की सत्ता, अंधविश्वास का भय और कानून का डर। भारत में तंत्र-मंत्र, टोना-टोटका और अंधविश्वास आज भी केवल अशिक्षा या पिछड़ेपन का प्रतीक नहीं हैं। बड़े शहरों, पढ़े-लिखे समाज और आर्थिक रूप से सक्षम वर्ग में भी डर के क्षणों में विवेक कमजोर पड़ जाता है। जब इस डर को कोई वर्दीधारी अधिकारी अपने फायदे के लिए इस्तेमाल करे, तो पीड़ित व्यक्ति मानसिक, सामाजिक और कानूनी रूप से पूरी तरह असहाय हो जाता है।

यह मान लेना भूल होगी कि यह कोई अकेला या अपवादात्मक मामला है। देश के अलग-अलग हिस्सों से समय-समय पर पुलिस और प्रभावशाली तंत्रों की साँठ-गाँठ के मामले सामने आते रहे हैं। कहीं जमीन विवाद में केस दर्ज करने की धमकी देकर पैसे वसूले जाते हैं, कहीं रेप या धोखाधड़ी के मामलों में सेटिंग के नाम पर सौदेबाजी होती है। कई बार आरोपी और फरियादी दोनों ही थाने के चक्कर काटते हैं, यह जानते हुए कि न्याय नहीं, समझौता ही अंतिम रास्ता है।

इस मामले में एक अहम बात यह भी है कि आरोप एक महिला अधिकारी पर हैं। समाज अक्सर यहीं आकर भटक जाता है। बहस अपराध की बजाय महिला-पुरुष, नैतिकता और चरित्र पर केंद्रित हो जाती है। लेकिन सवाल यह नहीं है कि आरोपी महिला है या पुरुष। सवाल यह है कि क्या वर्दी पहनते ही कोई व्यक्ति कानून से ऊपर हो जाता है? कानून का तकाजा यह नहीं कि हम आरोपी के लिंग पर बहस करें, बल्कि यह है कि सत्ता के दुरुपयोग को बिना किसी संकोच के बेनकाब किया जाए।

कानून के सामने लिंग, जाति, पद या प्रभाव नहीं–सिर्फ. अपराध मायने रखता है। यदि आरोप सिद्ध होते हैं, तो यह अपराध सिर्फ. ब्लैकमेल या भ्रष्टाचार का नहीं, बल्कि न्याय की अवधारणा पर सीधा हमला है। यह उस भरोसे का कत्ल है, जो आम नागरिक पुलिस और प्रशासन पर करता है।

आज एफआईआर आम आदमी के लिए सुरक्षा की गारंटी कम और डर का प्रतीक ज्यादा बनती जा रही है। एक कागज, कुछ धाराएँ और कुछ हस्ताक्षर–और पूरा जीवन शक, बदनामी और भय में बदल जाता है। नौकरी खतरे में पड़ जाती है, सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल हो जाती है और परिवार मानसिक दबाव में आ जाता है। जब इसी डर को सौदे की शक्ल दे दी जाती है, तब कानून न्याय का माध्यम नहीं, बल्कि बाजारू हथियार बन जाता है।




इस मामले में एक लाख रुपये की मंथली माँग यह साफ करती है कि यह कोई भावनात्मक या क्षणिक चूक नहीं थी, बल्कि सुनियोजित वसूली का तंत्र था। भारत में ऐसे ह्यमंथली सिस्टमह्न किसी से छिपे नहीं हैं। अवैध शराब, खनन माफिया, कॉलोनाइजर, सट्टा-जुआ–हर जगह एक तय रेट, एक तय तारीख और यह भरोसा कि सब मैनेज है। अगर आरोप सही हैं, तो यह मानना कठिन है कि यह सब एक व्यक्ति के बूते पर हो रहा था। असली परीक्षा इस बात की है कि जाँच कितनी निष्पक्ष, कितनी गहरी और कितनी ईमानदार होती है। दुर्भाग्य से, ऐसे मामलों में निलंबन को ही सबसे बड़ी कार्रवाई बताकर पेश कर दिया जाता है। जबकि सच्चाई यह है कि निलंबन कोई सजा नहीं, बल्कि सिर्फ. एक अस्थायी विराम है। कई बार जांच लंबी चलती है, सबूत कमजोर पड़ते हैं और मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है। जरूरत इस बात की है कि जाँच समयबद्ध हो, कॉल डिटेल्स, बैंक लेनदेन, संपत्ति और संपर्कों की पूरी पड़ताल की जाए और दोष सिद्ध होने पर बर्खास्तगी के साथ आपराधिक मुकदमा भी चले। यह मामला केवल पुलिस सुधार या प्रशासनिक जवाबदेही तक सीमित नहीं है। यह समाज को भी आईना दिखाता है। जब हम अंधविश्वास को पालते हैं, जब हम डर के आगे विवेक गिरवी रख देते हैं और जब हम किसी तरह बच निकलने की मानसिकता को सामान्य मान लेते हैं, तब ऐसे सौदे पनपते हैं। कानून तभी मजबूत होगा, जब नागरिक डर के बजाय अधिकार की भाषा बोलना सीखेंगे। आज डर एक कॉलोनाइजर को था। कल यह डर किसी शिक्षक, किसी कर्मचारी, किसी छोटे व्यापारी या किसी आम नागरिक को हो सकता है। अगर कानून के रक्षक ही डर का व्यापार करने लगें, तो समाज न्याय नहीं, समझौते खोजने लगता है। यह स्थिति किसी भी लोकतंत्र के लिए बेहद खतरनाक है। यह मामला चेतावनी है कि वर्दी जितनी ऊँची होती है, जवाबदेही उतनी ही भारी होनी चाहिए। वर्दी सम्मान का प्रतीक है, सौदेबाजी का लाइसेंस नहीं। अगर समय रहते ऐसे मामलों पर सख़्ती नहीं हुई, तो वह दिन दूर नहीं जब थानों में कानून की भाषा नहीं, बल्कि ब्लैकमेल की बोली आम हो जाएगी। और तब सवाल यह नहीं रहेगा कि दोषी कौन है, बल्कि यह होगा कि क्या इस देश में सचमुच न्याय नाम की कोई चीज बची है?

# जिस शरीर के बिना जीवन असंभव, उसे समय न देना अन्याय- रामवीर सिंह तोमर

वेलकम इण्डिया

**मथुरा।** हर सुबह जब हम जागते हैं, तो हमारी सांसे चल रही होती हैं, हृदय धड़क रहा होता है। आंखे खुलते ही हम फिर से नए दिन की जीवन की शुरूआत की ओर बढ़ते हैं। लेकिन क्या हम उस शरीर को धन्यवाद देते हैं, जिसके सहारे हम जीवन की दौड़ भाग में लग जाते हैं ! अक्सर हम भूल ही जाते हैं कि जिसके सहारे जीवन में सारी सुख, सुविधाओं का आनंद लेना है, उसको फिट भी रखना है ! बहुत लोगों को मैंने कहते सुना है, शरीर का क्या, इसको तो मिट्टी में ही मिल जाना है, तो क्या अपने शरीर से प्रेम करना गलत है ! वास्तव में अपने शरीर से प्रेम करना, यह आध्यात्मिकता की ओर पहला कदम है। शरीर एक मंदिर, हम



इसके पुजारी शरीर परमात्मा का निवास स्थान (मंदिर) माना जाता है, जो इसे अत्यंत पवित्र बनाता है। हम इस मंदिर के पुजारी हैं, शरीर हमें जीवन देता है, ये जीवन यात्रा का माध्यम है, ये जीवन की रक्षा करता है, हमें बारिश, हवा और गर्मी से बचाता है। यह हमारी सेवा में है ! क्या हमारा फर्ज नहीं है, इसकी देखभाल की जाए, इसको पवित्र रखा जाए, निरोगी रखा जाए ? शरीर से मित्रता और प्रेम, शरीर की हमें एक मित्र की तरह देखभाल करना चाहिए, क्योंकि यह हमारी चेतना के लिए काम करता है। इससे प्रेम करना चाहिए, प्रेम से बढ़कर कोई दवाई नहीं, कोई भी चीज चिकित्सकीय नहीं है।क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट तो यहां तक कहते हैं, कि प्रेम से गहरे से गहरे घाव और बुरी से बुरी बीमारी ठीक हो सकती हैं। शरीर हमारी जीवंत दुनियां जैसा है, जिसमें करोड़ों कोशिकाएं पूरी बुद्धिमत्ता और शांति से हमारे जीने के लिए काम करती हैं, जो एक चमत्कार की तरह है। अपने शरीर की सुनें शरीर हमें समय समय पर संकेत देकर जगाने का काम करता है। हमें शरीर की संवेदनाओं, दर्द, थकान, भूख और भावनाओं के प्रति सजग रहना चाहिए, ताकि हम शरीर को स्वस्थ रखने के लिए सही निर्णय ले सकें। यह एक आत्म-जागरूकता का अभ्यास है, जो हमें गंभीर बीमारियों से पहले ही चेतावनी संकेत (जैसे सीने में दर्द या अत्यधिक थकान) को पहचानने और शरीर का सम्मान करने में मदद करता है, लेकिन अक्सर हम अपने शरीर को अनसुना कर देते हैं। हेल्थी रूटीन मतलब स्वस्थ शरीर, स्वस्थ शरीर के लिए स्व अनुशासित दिनचर्या अपनानी चाहिए, सुबह जल्दी उठें, प्रकृति के साथ समय गुजारें, 30-45 मिनट व्यायाम या सैर करें, सुबह का हेल्थी नाश्ता करें, दिन में पर्याप्त पानी पीएं, तनाव, गुस्सा, ईर्ष्या कड़वाहट से बचें, 7-8 घंटे की अच्छी नींद लें, जंक फूड़, फास्ट फूड से बचें, जितना संभव हो रात का खाना जल्दी लें। इसका उपयोग सात्विक कार्यों के लिए करना चाहिए। शराब, नशा से दूर रहना चाहिए। क्रोध आए तो निगले नहीं।

जब भी क्रोध आए उसे एकांत में शीशे के सामने चिल्ला कर बाहर कर सकते हैं। खुद से प्रेम करने के लिए किसी चीज की प्रतिक्षा न करें, खुद से कमेंट करें ₹ न मैं अधिक हूं, न कम हूं₹ मैं जीवन के साथ अपने आप से खुश हूं। खुद से प्रेम की शुरूआत मतलब प्रत्येक व्यक्ति से प्रेम की शुरूआत, जैसे जैसे मैं स्वयं को प्रेम करना सीखता हूं, वैसे वैसे में प्रत्येक व्यक्ति को प्रेम करना सीखता हूं। इस तरह हम एक सुंदर समाज पोषित करते हैं।

# सपरिवार गोवर्धन पहुंचे केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, ई रिक्शा से की गोवर्धन परिक्रमा



मनोज शर्मा/वेलकम इंडिया

**मथुरा/गोवर्धन।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान सोमवार को गोवर्धन पहुंचे। गोवर्धन आगमन के बाद उन्होंने अपने परिवार के साथ गोवर्धन महाराज की परिक्रमा की और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। परिक्रमा के पूर्व मीडिया से बातचीत में शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि गिरिराज महाराज के दर्शन कर उन्हें अत्यंत शांति और प्रसन्नता की अनुभूति हुई है। केंद्रीय कृषि मंत्री ने इस दौरान केंद्र सरकार की नीतियों पर भी बात की। उन्होंने भारत-अमेरिका के बीच हुई हालिया डील को किसानों के हित में बताया। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि यह समझौता भारतीय किसानों के लिए नए अवसर लेकर आएगा और कृषि क्षेत्र को मजबूती प्रदान करेगा। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। राजनीतिक मुद्दों पर बोलते हुए शिवराज सिंह चौहान ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत द्वारा वीर सावरकर को भारत रत्न देने की मांग का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि वीर सावरकर ने देश की आजादी में अहम योगदान दिया और उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए। केंद्रीय मंत्री के आगमन पर भाजपा कार्यकताओं और समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला। सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए।

# अमन और संवाद की राजनीति का चेहरा बने खुर्रम ताहिर खान



जाकिर तुर्क / वेलकम इंडिया

**मेरठ।** राजनीति के शोर-शराबे और टकराव के दौर में कुछ नाम ऐसे भी होते हैं, जो बिना विवाद के अपनी अलग पहचान बना लेते हैं।नगर पंचायत शाहजहांपुर की सियासत में ऐसा ही एक नाम है खुर्रम ताहिर खान। दशकों से सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय रहने के बावजूद खुर्रम खान कभी विवादों का हिस्सा नहीं बने, बल्कि हर विवाद के समाधान के रूप में उनकी पहचान बनी है।कस्बे में खुर्रम ताहिर खान को एक सुलझे हुए, अमनपसंद और मध्यस्थ की भूमिका निभाने वाले व्यक्तित्व के तौर पर जाना जाता है। जब भी दो पक्षों के बीच तनाव की स्थिति बनी,उन्होंने संवाद का रास्ता अपनाते हुए शांति से समाधान निकालने की पहल की। यही कारण है कि कस्बे के हर वर्ग में उनकी स्वीकार्यता साफ दिखाई देती है।शाहजहांपुर जैसे मिश्रित आबादी वाले कस्बे में, जहां छोटी-सी बात भी बड़ा रूप ले सकती है, वहां खुर्रम खान ने हमेशा आपसी भाईचारे, सौहार्द और इंसानियत की राजनीति को तरजीह दी। उन्होंने कभी धर्म, जाति या वर्ग के आधार पर राजनीति नहीं की, बल्कि संवाद और भरोसे को अपना आधार बनाया। बेदाग छवि और मिलनसार स्वभाव बनी पहचान लंबे समय से सक्रिय राजनीति में रहने के बावजूद खुर्रम खान की छवि पूरी तरह बेदाग रही है। सरल स्वभाव, सहज बातचीत और हर व्यक्ति की बात ध्यान से सुनकर फैसला लेने की आदत ने उन्हें खास बनाया है। बुजुर्गों से लेकर युवाओं तक, हर वर्ग उनसे खुलकर संवाद करता है। इसी कारण वे कस्बे में कई मामलों में दोनों पक्षों के बीच सफल मध्यस्थ की भूमिका निभा चुके हैं।खुर्रम खान का परिवार भी राजनीति से जुड़ा रहा है। उनके बड़े भाई अतहर ताहिर खान माछरा ब्लॉक से उप-प्रमुख रह चुके हैं और प्रशासनिक व विकास कार्यों का अनुभव रखते हैं। इसके बावजूद खुर्रम ताहिर खान ने हमेशा चुनावी राजनीति से दूरी बनाए रखी।उनका मानना है कि समाज सेवा और अमन कायम करना किसी पद का मोहताज नहीं होता। वे पर्दे के पीछे रहकर लोगों की मदद करना ज्यादा बेहतर समझते हैं। हालांकि, कस्बे की सियासत यह भी मानती है कि उनके परिवार की जिस ओर राजनीतिक समर्थन रहा, उस ओर चुनावी राह आसान हुई है। सक्रिय राजनीति में आए तो बन सकते हैं मील का पत्थर स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि खुर्रम ताहिर खान सक्रिय राजनीति में कदम रखते हैं, तो यह शाहजहांपुर के लिए एक बड़ा बदलाव साबित हो सकता है। मौजूदा दौर में जब राजनीति में कटुता बढ़ रही है, तब एक शांत, भरोसेमंद और सुलझा हुआ चेहरा कस्बे की दिशा बदलने की क्षमता रखता है।

# अध्यात्म पीठ ब्रज बल्लभ लाल की शरण में आयी भाजपा प्रदेश मंत्री एकता अग्रवाल

वेलकम इण्डिया

**मथुरा/गोवर्धन।** परम पावन स्थान चंद्र सरोवर अध्यात्म पीठ, ब्रज बल्लभ लाल की शरण मे

राजस्थान की प्रदेश मंत्री एकता अग्रवाल भक्ति भाव के साथ पहुंची। प्राचीन ठाकुर श्री बृज वल्लभ लाल जी महाराज के दर्शन कर भक्तिमय हो गयी। यहाँ पर अध्यात्म पीठ के पीठाधीश्वर व ब्रजमंडल के सरस भागवत वक्ता पं. पूर्ण प्रकाश जी महाराज ने पुष्पार्चन कराकर पूजा अर्चना करायी। प्रदेश मंत्री एकता अग्रवाल को ठाकुर ब्रज बल्लभ लाल की प्रसादी माला पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर उनका भव्य स्वागत किया। इसके उपरांत पीठाधीश्वर पं. पूर्ण प्रकाश जी महाराज ने अध्यात्म पीठ पर विराजमान ठाकुर श्री बृज वल्लभ



लाल जी और चंद्र सरोवर की धार्मिक महिमा को विस्तार से बताया। जिसे सुनकर प्रदेश मंत्री भाव विभोर हो गई।

पत्रकार वार्ता में राजस्थान भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश मंत्री एकता अग्रवाल भक्ति भाव ने बताया कि यह उनकी धार्मिक यात्रा है। गिरिराज धाम गोवर्धन में आकर हमको परम शांति मिलती है। बृज भूमि के प्रत्येक कड़-कड़ में भगवान राधा कृष्ण का निवास है। भाजपा की सरकारों ने धार्मिक स्थलों का पूर्ण विकास किया है। जो निरंतर आगे जारी रहेगा। इस अवसर पर पीठाधीश्वर पूर्ण प्रकाश कौशिक जी महाराज, पंकज कौशिक, एकता अग्रवाल, विकास अग्रवाल, रूबी, शालिनी, कमलेश आदि उपस्थित रहे।

# क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद ने थाना कोतवाली खलीलाबाद के सभी विवेचकों का किया अर्दली रुम, दिये गये आवश्यक दिशा निर्देश



वेलकम इण्डिया

**संतकबीरनगर।** सोमवार को पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अमित कुमार ने सर्किल खलीलाबाद के थाना कोतवाली खलीलाबाद पर नियुक्त समस्त उपनिरीक्षकगण व सर्किल मेंहदावल के थाना बखिरा के थाना प्रभारी का अर्दली रुम किया । अर्दली रुम के दौरान क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद द्वारा थानों पर अधिक समय से लम्बित विवेचनाओं के संबंध में विस्तृत रुप से वार्ता करते हुये लम्बित होने के कारण की समीक्षा की गई एवं अकारण विवेचनाओं को लम्बित रखने को लेकर सख्त हिदायत देते हुए विवेचनाओं का समय से निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। महोदय द्वारा जनशिकायतों की सुनवाई कर तत्काल जाँच करने व विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने तथा क्षेत्र में होने वाले अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु भी आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये ।

# धूमधाम के साथ मनाया गया बाबा शाहमल का 229 वां जन्म जयंती समारोह



वेलकम इण्डिया

**बागपत,** उत्तर प्रदेश। विपुल जैन। जनपद बागपत को गौरवान्वित करने वाले देश के महान सपूत और 1857 की क्रांति के महानायक वीर शहीद क्रांतिकारी बाबा शाहमल जी का 229 वां जन्म जयंती समारोह उनके गांव बिजरौल में बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शाहमल स्मारक इण्टर कॉलिज बिजरौल में आयोजित समारोह में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री केपी मलिक के सुपुत्र व प्रमुख समाजसेवी साहिल मलिक ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। समारोह में सर्वप्रथम हवन का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने बाबा शाहमल जी की आत्मा की शांति और देश की उन्नति के लिए आहुति डाली। इसके उपरान्त बाबा शाहमल के वंशज व समारोह के आयोजनकर्त्ता इज्जत परिवार से पूर्व कमांड़ो रमेश फौजी व उनकी टीम ने आये अतिथियों का पटका, फूल माला व चादर पहनाकर सम्मान किया। कार्यक्रम में अनेकों वक्ताओं ने बाबा शाहमल की महानता से लोगों को अवगत कराया और समारोह के शानदार आयोजन के लिए रमेश फौजी व उनकी टीम की सराहना की।

# डॉ. दर्शनी प्रिया सिंह की पुस्तक प्रधानमंत्री मोदी के अनमोल रत्न का भव्य लोकार्पण

डॉ. शंभु पंवार

**नई दिल्ली,** 9 फरवरी। राजधानी स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब के सभागार में प्रख्यात लेखिका डॉ. दर्शनी प्रिया सिंह की पुस्तक ह्लप्रधानमंत्री मोदी के अनमोल रत्नह्व का भव्य एवं गरिमामय लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। पुस्तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पद्मश्री सम्मान से अलंकृत देश की 35 विशिष्ट विभूतियों के जीवन, कृतित्व और सामाजिक योगदान पर आधारित है। लोकार्पण समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश नारायण सिंह थे एवं अध्यक्षता सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने की।जबकि पूर्व केंद्रीय मंत्री शहनवाज हुसैन अति विशिष्ट अतिथि एवं पद्मश्री से सम्मानित सुप्रसिद्ध आर्थोपेडिक डॉ.भूपेंद्र कुमार सिंह 'संजय' तथा उर्मिला श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मेरा गांव मेरा देश के संस्थापक एवं लेखिका के पति संजय सिंह ने अतिथियों को शॉल भेंट कर स्वागत किया।स्वागत उद्बोधन



शायर शिवकुमार बिलगरमी ने प्रस्तुत किया,उन्होंने पुस्तक की विषयवस्तु एवं सामाजिक प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।लोकार्पण के पश्चात उप सभापति हरिवंश नारायण सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि समाज में वही लोग स्थायी सम्मान प्राप्त करते हैं, जो निस्वार्थ भाव से मन, वचन और कर्म द्वारा समाज सेवा में निरंतर संलग्न रहते हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. दर्शनी प्रिया सिंह ने इस पुस्तक के माध्यम से पद्मश्री से सम्मानित विभूतियों के प्रेरक जीवन प्रसंगों को जनसामान्य तक पहुँचाने का सराहनीय कार्य किया है। यह पुस्तक विशेष रूप से युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत सिद्ध होगी। लेखिका डॉ. दर्शनी प्रिया सिंह ने कहा कि पुस्तक लेखन के दौरान उन्होंने देश के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर पद्मश्री सम्मानित व्यक्तित्वों से प्रत्यक्ष संवाद किया तथा उनके कार्यों और जीवन शैली का अध्ययन किया,जिससे पुस्तक को तथ्यपरक एवं प्रभावी स्वरूप मिला।समारोह में गणमान्य अतिथियों ने पुस्तक को समाजोपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम का संचालन प्रसिद्ध कवि दिनेश शर्मा ह्यदिनेशह्व ने किया।

# साइबर क्राइम थाना द्वारा थाना धनघटा क्षेत्रांतर्गत आशा बहुओं आंगनबाड़ी कार्यकताओं को साइबर अपराधों से बचावह्व विषयक गोष्ठी का किया गया आयोजन

वेलकम इण्डिया

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन में क्षेत्राधिकारी धनघटा अभयनाथ मिश्र व साइबर क्राइम थाना द्वारा थाना धनघटा अन्तर्गत शनिचरा बाजार सीएससी केंद्र में आशा बहुओं, आंगनबाड़ी कार्यकताओं को ह्लसाइबर अपराधों से बचावह्व विषयक गोष्ठी का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं साइबर सेल के विशेषज्ञों द्वारा लगभग 70 लोगों को ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया हैकिंग, फर्जी कॉल, ओटीपी फ्रॉड, लिंक क्लिक धोखाधड़ी सहित विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई । साथ ही बताया गया कि किसी भी संदिग्ध कॉल या मैसेज पर तुरंत प्रतिक्रिया न दें तथा किसी भी स्थिति में



अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें । गोष्ठी में उपस्थित नागरिकों को साइबर अपराध होने की स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराने तथा पोर्टल पर रिपोर्ट करने के तरीकों से भी अवगत कराया गया । पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा लगातार इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आमजन को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के प्रति प्रेरित किया जा रहा है। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना जय प्रकाश चौबे, प्रभारी निरीक्षक धनघटा जय प्रकाश दूबे, उ0नि0 रमेश यादव, का0 राम प्रवेश मद्देशिया सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजुद रहे ।

# संस्था शिरोमणि जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा का दायित्व हस्तांतरण समारोह

वेलकम इण्डिया

**नई दिल्ली-** 9 फरवरी, 2026 जैन श्वेताम्बर तेरापंथ धर्मसंघ की ह्यसंस्था शिरोमणि जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा के सत्र 2026-28 के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का दायित्व स्वीकरण उत्सव महासभा प्रधान कार्यालय, कोलकाता में गरिमामय एवं भावपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। दोपहर में जैन संस्कार विधि से पूजन-अर्चन के उपरान्त शुभ मुहूर्त में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने महासभा कार्यालय में प्रवेश कर विधिवत दायित्व ग्रहण किया। निवर्तमान अध्यक्ष श्री मनसुखलाल सेठिया ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री महेन्द्र नाहटा को दायित्व हस्तांतरित किया। इस अवसर पर




महासभा के पाँच पूर्व अध्यक्ष एवं पाँच पूर्व प्रधान न्यासी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

अपराह्न में महासभा भवन के प्रज्ञा समवसरण में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के सम्मान में शुभकामना समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें तेरापंथ समाज की विभिन्न संघीय संस्थाओं, कोलकाता एवं उपनगरीय क्षेत्रों की सभाओं-संस्थाओं के पदाधिकारी तथा अनेक गणमान्य महानुभावों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारम्भ नमस्कार महामंत्रोच्चार से हुआ, तत्पश्चात सभा गीत का संगान एवं श्रावक निष्ठा पत्र का वाचन किया गया। शुभकामना समारोह में अपने भाव व्यक्त करते हुए महासभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री महेन्द्र नाहटा ने कहा कि परम श्रद्धास्पद युगप्रधान आचार्य महाश्रमण की असीम अनुकंपा एवं तेरापंथ धर्मसंघ के विश्वास से जो यह महनीय दायित्व उन्हें प्राप्त हुआ है, वह उनके लिए परम सौभाग्य का विषय है। उन्होंने कहा कि वे पूर्ण निष्ठा, सजगता और जागरूकता के साथ गुरुआज्ञा एवं गुरु-इंगित के अनुरूप अपने दायित्वों का निर्वहन करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने आगामी कार्यकाल की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए महासभा की गतिविधियों को नई गति और दिशा देने का संकल्प व्यक्त किया तथा यह भी कहा कि संघ-समाज के सहयोग से ही सभी योजनाएँ पूर्णता को प्राप्त कर सकेंगी। विकास परिषद सदस्य श्री बनेचंद मालू ने इसे सेवा-स्वीकरण का उत्सव बताते हुए कहा कि महासभा तेरापंथ समाज की शीर्ष संस्था है और आचार्यश्री द्वारा इसे ह्यसंस्था शिरोमणिह्व के रूप में उद्घोषित किया जाना इसके गौरव को और बढ़ाता है।

प्रधान न्यासी श्री सुरेशचन्द गोयल ने कहा कि महासभा के प्रत्येक पदाधिकारी पर समाज की विशेष जिम्मेदारी है और गुरुदेव के आशीर्वाद से प्राप्त इस दायित्व का निर्वहन तन-मन-धन से करते हुए महासभा को आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाना हम सभी का परम कर्तव्य है। निवर्तमान अध्यक्ष श्री मनसुखलाल सेठिया ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष, प्रधान न्यासी एवं समस्त पदाधिकारियों को मंगल शुभकामनाएँ प्रदान करते हुए कहा कि पद पर हों या न हों, एक श्रावक के रूप में गुरुआज्ञा, गुरु-इंगित और संघहित को सर्वोपरि रखना ही हमारी सच्ची पहचान है। महासभा का दायित्व सक्षम हाथों में आने से उसकी सफलता सुनिश्चित है। पूर्व अध्यक्ष श्री कमल कुमार दूगड़ ने नवनिर्वाचित टीम को बधाई देते हुए कहा कि अध्यक्ष श्री महेन्द्र नाहटा एक विचारशील नेतृत्व हैं और उनके मार्गदर्शन में महासभा नई ऊँचाइयों को स्पर्श करेगी। वे कुशल नेतृत्वकर्ता हैं।

# स्थानीय निकाय के सदस्यों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम सम्पन्न

वेलकम इण्डिया



**संतकबीरनगर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह के निर्देश पर जूनियर हाई स्कूल सेमरियावां के प्रांगण में सोमवार के दिन एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय ग्राम प्रधान स्थानीय निकाय सदस्यों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह और संचालन अब्दुर्रहीम ने किया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि सुनील कुमार सिंह डिविजनल जज ने किया।इस दौरान विकास खंड सेमरियावा के गांव करमाखान के प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद हनीफ खान ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान महुआरी की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत पेश किया। इस कार्यक्रम में डी बी टी के माध्यम से भेजी गई 1200 रुपए की धनराशि के बारे में जनसमुदाय को जागरूक करने ,निःशुल्क पाठयपुस्तक,निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों एवं उनकी संप्राप्ति ,राष्ट्रीय शिक्षित 2020 के अनुरूप स्मार्ट क्लास,विद्यालय की संपत्तियों एवं कार्यकलाप के 19 पैरामीटर पूर्ण करने हेतु ग्राम प्रधान को प्रेरित किया गया। इस अवसर पर डिविजनल जज सुनील कुमार सिंह और संजीव कुमार पांडे ने विधिक जानकारी के साथ 22 फरवरी को मेगा विधिक सेवा सहायता शिविर एवं राष्ट्री लोक अदालत 14 मार्च के आयोजन की जानकारी प्रदान की। करमा खान के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद हनीफ खान ने कहा कि गांव की आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाओं का निर्माण और उनका क्रियान्वयन करना होता है। वह विकास की दिशा तय करता है, जिससे सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, स्वच्छता जैसी बुनियादी सेवाएं गांव तक पहुंच सकें। कार्यक्रम को अफजाल अहमद प्रधान,मो हनीफ प्रधान,अबरार अहमद प्रधान,जफीर अली ,अब्दुर्रहीम,मनोज कुमार अनिल ,राम निवास ,असरारुल हक ,मसूद अहमद प्रधान ,अशरफ अली ,सूचित कुमार,विनोद यादव आदि ने भी संबोधित किये।इस कार्यक्रम में ब्लॉक के इरफान खान,सुरजन गोंड,आशीष शुक्ला,आफाक अहमद खान,पंकज,अजीत सिंह,मो आजम,मुबारक हुसैन, मास्टर बैरागी, मास्टर मुगले आजम इकबाल प्रधान, फैजान शालीमार. मोहम्मद कलीम. अब्दुल बाकी. मोहम्मद याकूब करम हुसैन सहित प्राथमिक, जूनियर और कंपोजिट विद्यालय के प्रधानाध्यक मौजूद रहे।

## सोशल मीडिया पर वायरल मारपीट वीडियो में त्वरित कार्रवाई, हापुड़ नगर पुलिस ने 3 अभियुक्त किए गिरफ्तार

**हापुड़।** जनपद में अपराध की रोकथाम तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आपत्तिजनक टिप्पणी और पोस्ट करने वालों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना हापुड़ नगर पुलिस ने एक युवक के साथ मारपीट के वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्रवाई की। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस के अनुसार सोशल मीडिया पर एक युवक के साथ मारपीट का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा था, जिस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए थाना हापुड़ नगर में संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया। इसके बाद पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए तीनों आरोपियों को मोदीनगर रोड क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने और सोशल मीडिया पर कानून व्यवस्था बिगाड़ने वाली गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। इस तरह की घटनाओं में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन



वेलकम इण्डिया

**संतकबीरनगर।** जिला पंचायत अध्यक्ष बलराम यादव की अध्यक्षता में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह शाकाहारी मैरेज हॉल, बड़गो खलीलाबाद में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत बलराम यादव, का स्वागत उपायुक्त उद्योग राज कुमार शर्मा द्वारा पुष्प गुच्छ दे कर किया गया तत्पश्चात कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि मा0 अध्यक्ष, जिला पंचायत बलराम यादव द्वारा भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित प्रशिक्षार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा गया कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना उ0प्र0 सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके तहत 10 दिवस का प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। जिससे जनपद के नवयुवक/नवयुवतियों को अपने कौशल के विकास में सहायता मिलेगी, साथ ही उनको प्रशिक्षण के दौरान आधुनिक तकनीकी, गुणवत्ता सुधार, पैकेजिंग, ब्राडिंग, मार्केट लिंकेज की जानकारी प्रदान कर उन्हे आत्मनिर्भर एवं स्वरोजगार युक्त बनाया जायेगा। उन्होने प्रशिक्षार्थियों को स्वरोजगार हेतु प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये उपायुक्त उद्योग राज कुमार शर्मा द्वारा प्रशिक्षार्थियों को अवगत कराया गया कि प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण के उपरान्त उ0प्र0 सरकार द्वारा संचालित स्वरोजगार परक योजनाओं यथा-सी0एम0 युवा अभियान, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण सहायता योजना से भी लाभान्वित कराया जायेगा।

## सड़क निर्माण की मांग को लेकर दर्जा मंत्री को सौपा ज्ञापन



वेलकम इण्डिया

**बागेश्वर।** क्षेत्र पंचायत सदस्य बमराड़ी मनीष कुमार ने प्रस्तावित बमराड़ी-थकलाड़ मोटर मार्ग का अंतिम सर्वे और डीपीआर शीघ्र तैयार कराने की मांग उठाई है।सड़क निर्माण नही होने से ग्रामीणों को आवागमन में असुविधा होने और ग्रामीणों को लम्बे समय से गांव तक सड़क बनने का इंतजार होने की बात कहते हुए जल्द सड़क निर्माण किए जाने की मांग की। उन्होंने पीएमजीएसवाई अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट को ज्ञापन सौपा।उन्होंने बताया कि यह मोटर मार्ग प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेस-4 के अंतर्गत प्रस्तावित है।इसका प्रारंभिक सर्वे लगभग दो वर्ष पूर्व किया जा चुका है, लेकिन अभी तक अंतिम सर्वे और डीपीआर तैयार नहीं हो पाई है।सड़क निर्माण में हो रही इस देरी के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि सड़क के अभाव में क्षेत्र के ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि उत्पादों के परिवहन, रोजमर्रा की आवाजाही और आपातकालीन सेवाओं में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

## जिला पंचायत वार्ड नंबर 9 से ज्ञानेन्द्र त्यागी ने ठोकी दावेदारी, क्षेत्र में उत्साह की लहर

वेलकम इण्डिया



**हापुड़।** आगामी जिला पंचायत चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं।इसी क्रम में राष्ट्रीय सैनिक संस्था के प्रदेश प्रवक्ता एवं हापुड़ जिला अध्यक्ष तथा प्रगतिशील किसान ज्ञानेन्द्र त्यागी ने वार्ड नंबर 9 से जिला पंचायत सदस्य पद के लिए अपनी मजबूत दावेदारी पेश कर दी है। उनकी उम्मीदवारी की सूचना मिलते ही क्षेत्र में समर्थकों के बीच खुशी की लहर दौड़ गई और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक, व्हाट्सऐप सहित अन्य माध्यमों पर उन्हें व्यापक समर्थन मिल रहा है।क्षेत्रवासियों का कहना है कि ज्ञानेन्द्र त्यागी एक ईमानदार, निर्भीक और समर्पित व्यक्तित्व के धनी हैं तथा उनके पास जनसेवा का लंबा अनुभव है। उन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन की शुरूआत ग्राम पंचायत सदस्य के रूप में की, इसके बाद उपप्रधान, प्रधान तथा इंटर कॉलेज के अध्यक्ष पद पर रहते हुए क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए और अपनी अलग पहचान बनाई।कृषि क्षेत्र में भी उनका परिवार अग्रणी रहा है।उनकी पत्नी को सरसों उत्पादन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है, वहीं स्वयं ज्ञानेन्द्र त्यागी को भी जनपद स्तर पर मंसूर उत्पादन में प्रथम पुरस्कार मिल चुका है।

# शासन की मंशा के अनुरूप ही होगी मदरसा बोर्ड परीक्षा-संजय द्विवेदी

वेलकम इण्डिया



**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड परीक्षा के कुशल संचालन को लेकर ए. एच. एग्री. इंटर कालेज दुधारा मे आंतरिक व ब्राहय कक्ष निरीक्षकों की बैठक बैठक संपन्न हुई। केंद्र व्यवस्थापक/ प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी ने कहा मदरसा बोर्ड की परीक्षा शासन की मंशा के अनुरूप ही होगी। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्र पर 323 परीक्षार्थी दो पालियों में परीक्षा दे रहे है। परीक्षा के कुशल संचालन के लिए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के द्वारा 14 कक्ष निरीक्षक लगाए गए हैं। दारुल उलूम अहले सुन्नत गौसिया राजबिया आ गया के शिक्षक जयफुल्लाह को अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक बनाया गया है। परीक्षा के दौरान किसी भी परीक्षार्थी को मोबाइल फोन या कोई आन इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस लाने के लिए मना किया गया है। मदरसा परीक्षा भी सीसी कैमरे की निगरानी में हो रही है मदरसा परीक्षा को सकुशल संपन्न करने के लिए दिलशाद फातिमा, सईदा खान, मोहम्मद अबू हुरैरा, कमाल अहमद, मशहूर अहमद, मोहम्मद आफताब, आलम,इकबाल अहमद, मुनव्वर हुसैन, मोहम्मद यूसुफ, मोहम्मद ताहिर अली, मोहम्मद हाफिज अतहर, अब्दुल मोईद, फखरुल हसन व मोहम्मद साबिर को कक्ष निरीक्षक के रूप में लगाया गया है बैठक में मुहम्मद इश्तियाक अंसारी, मुहम्मद यूनुस, कमरे आलम सिद्दीकी, मुहम्मद शाहिद, ओबैदुल्लाह, अब्दुस्सलाम, जुबेर अहमद, मुहम्मद परवेज अख्तर, ओजैर अहमद, जुनेद अहमद आदि मौजूद रहे।

## अपराध नियंत्रण व कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रखने हेतु पुलिस की पैदल गश्त तेज

**हापुड़।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण रखने तथा शांति एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में लगातार पैदल गश्त की जा रही है। इस दौरान पुलिस बल बाजारों, प्रमुख प्रतिष्ठानों, भीड़भाड़ वाले स्थानों एवं मुख्य मार्गों पर भ्रमण कर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की सघन चेकिंग कर रहा है, जिससे असामाजिक तत्वों में भय एवं आम जनता में सुरक्षा की भावना बनी हुई है।इसी क्रम में थाना बाबूगढ़ प्रभारी निरीक्षक मुनीष प्रताप सिंह के नेतृत्व में भी क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मुनीष प्रताप सिंह द्वारा स्वयं पुलिस टीम के साथ बाजारों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल गश्त कर लोगों से संवाद स्थापित किया जा रहा ह

## ब्लाक लखावटी में पिचहतर हजार बच्चों को मुफ्त दवा पिलाने का लक्ष्य




वेलकम इण्डिया

**औरंगाबाद/बुलंदशहर** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर मंगलवार से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लखावटी के सौजन्य से विशेष अभियान शुरू किया जायेगा।इस अभियान के तहत ब्लाक लखावटी के सभी सरकारी गैर-सरकारी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर कीड़े मारने वाली दवा मुफ्त खिलाई जाएगी। जानकारी देते हुए चिकित्सा अधिकारी डॉ तहसीन रजा ने बताया कि एक वर्ष से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों को 10 फरवरी को कीड़े मारने वाली दवा निःशुल्क खिलाई जाएगी। दवा से वंचित रहे बच्चों को 13 फरवरी को भी दवा उपलब्ध कराई जाएगी।उन्होने कहा कि पेट के कीड़ों से छुटकारा पाने के लिए दवा अवश्य लें।

# सुंदरकांड का पाठ करने से मन को शांति व तन को ऊर्जा मिलती है : ₹पंजाब रत्न मनप्रीत कौर

(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)



**वृन्दावन।** गांधी मार्ग स्थित परमहंस आश्रम में संकट मोचन सेना (महिला प्रकोष्ठ) पंजाब व मां सीता रसोई के संयुक्त तत्वावधान में मां सीता रसोई के प्रबन्धक आचार्य अशुंल शर्मा के विवाह की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में सुंदर काण्ड का संगीतमय सामूहिक पाठ किया गया।जिसमें कई प्रख्यात सन्तों, विद्वानों, धमार्चार्यों एवं तमाम भक्तों-श्रद्धालुओं ने भी बढ़-चढ़ कर भाग लिया। मां सीता रसोई की संचालिका ₹पंजाब रत्न₹ बहिन मनप्रीत कौर (लुधियाना) ने कहा कि सुंदरकांड का पाठ करने से तन को ऊर्जा व मन को शांति मिलती है।श्रीहनुमानजी महाराज समस्त सद्गुणों की खान हैं। उनमें वीरता, स्वामी भक्ति, बुद्धि-ज्ञान आदि का भंडार है।जो व्यक्ति जिस कामना से उनकी पूजा-अर्चना करता है,उसकी कामना वे निश्चित ही पूर्ण करते हैं। भगवताचार्य सुमंत कृष्ण शास्त्री एवं श्रीहनुमद् आराधन मण्डल के अध्यक्ष अशोक व्यास ने कहा कि सुंदरकांड का पाठ सभी बाधाओं को दूर करने वाला है।इस पाठ को करने से श्रीहनुमानजी महाराज शीघ्र ही प्रसन्न होकर भक्तों को मनवांछित फल प्रदान करते हैं। प्रख्यात साहित्यकार ₹यूपी रत्न₹ डॉ. गोपाल चतुर्वेदी एवं प्रमुख समाजसेवी पण्डित बिहारीलाल वशिष्ठ ने कहा कि श्रीहनुमानजी महाराज भक्ति शिरोमणि हैं। कलिकाल में श्रीहनुमानजी की आराधना के बिना भगवान श्रीरामजी की भक्ति प्राप्त कर पाना असम्भव है। कार्यक्रम के अंतर्गत मां सीता रसोई के प्रबन्धक आचार्य अंशुल शर्मा व उनकी धर्मपत्नी श्रीमती भारती शर्मा के विवाह की 11 वीं वर्षगांठ पर सभी के द्वारा उनका सम्मान किया गया।साथ ही बधाइयां दी गई।इसके अलावा आचार्य प्रथमेश लाल गोस्वामी के द्वारा होली के रसियाओं का संगीत की मृदुल स्वर लहरियों के मध्य गायन किया गया।

# दो दर्जन दुकानों से हटाया अतिक्रमण, दस हजार जुमार्ना वसूला

वेलकम इण्डिया



**सहारनपुर।** नगर निगम ने आज मुख्यमंत्री पोर्टल पर आयी शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जेबीएस कॉलेज से पक्का बाग तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान करीब दो दर्जन स्थानों से सड़क पर फैलाकर रखा गया सामान हटवाया और दस दुकानदारों से दस हजार रुपये जुमार्ना वसूला गया। कचहरी पुल के निकट भी एक कपडे.की दुकान पर एक हजार रुपये जुमार्ना लगाया गया। जेबीएस कॉलेज से पक्का बाग तक सड़क पर सामान फैलाकर अतिक्रमण करने की शिकायत कुछ लोगों द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गयी थी। नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर सुबह प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग के नेतृत्व में निगम के अतिक्रमणरोधी दस्ते ने आज जेबीएस कॉलेज तिराहे पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया। सड़क पर रखा अनेक दुकानदारों का सामान उठाकर निगम के वाहनों में रखा जाने लगा तो दुकानदारों में खलबली मच गयी। बाद में दुकानदारों द्वारा भविष्य में अतिक्रमण न किये जाने का आश्वासन देने पर जुमार्ना लगाते हुए उनका सामान वापिस कर दिया गया। करीब दो दर्जन दुकानों से अतिक्रमण हटाया गया और दस दुकानदारों से दस हजार रुपये जुमार्ना वसूला गया।इसके अलावा मुख्यमंत्री पोर्टल पर ही की गयी एक अन्य शिकायत पर कचहरी पुल के निकट एक रेडीमेड गार्मेंट की दुकान का भी चालान किया गया। निगम द्वारा दुकान के बाहर रखा गया सामान जब्त किया गया, लेकिन बाद में एक हजार रुपये जुमार्ना वसूल कर चेतावनी के साथ वापिस कर दिया गया। दीवानी कचहरी के पास भी ठेलियों का अतिक्रमण हटाया गया। कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी नेगी, सम्पत्ति सुरक्षा अधिकारी हरिप्रकाश कसाना व प्रवर्तन दल की टीम शामिल रही।

# नशे के अड्डों का आतंक: अवैध शराबझ्रगांजा का गढ़, महिलाओं से खुलेआम अभद्रता

वेलकम इण्डिया



**बुलंदशहर** ।जहाँगीराबाद इन दिनों अवैध नशे के कारोबार का सुरक्षित ठिकाना बनता जा रहा है। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि अब महिलाएं भी घर के बाहर सुरक्षित नहीं हैं। रविवार की शाम नगर के मौहल्ला प्रभुदयाल में संचालित अवैध भांग के ठेके पर आये एक नशेड़ी युवक ने महिला के साथ खुलेआम अश्लील हरकतें और अभद्र टिप्पणी कर इलाके में दहशत फैला दी पीड़िता के अनुसार, आरोपी युवक नीली जर्सी पहनकर बाइक से सोती मार्केट पहुंचा, जहां अवैध रूप से भांग, गांजा और अफीम की खुलेआम बिक्री हो रही है। नशा करने के बाद आरोपी गली में घुस आया और महिलाओं पर फब्तियां कसते हुए अश्लील इशारे करने लगा। महिला के विरोध करने पर आरोपी बार-बार गली में लौटकर गाली-गलौज करता रहा और माहौल को तनावपूर्ण बना दिया। इसके बाद आरोपी बाइक से फरार हो गया। पीड़िता ने कोतवाली जहांगीराबाद में तहरीर देकर आरोपी की पहचान कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं सोमवार को भी भांग के ठेके पर आए कुछ नशेड़ियों ने फिर से उसी जगह हुड़दंग मचाया। जिसके बाद स्थानीय लोगो का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। स्थानीय निवासियों ने एकत्रित होकर सड़क जाम कर दी और पुलिस प्रशासन मुदार्बाद के नारे भी लगाए। जिसके बाद आनन फानन में कोतवाली प्रभारी संजेश कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और प्रदर्शन कर रहे लोगों को कार्यवाही का आश्वासन देकर शांत किया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मंगलवार को आबकारी निरीक्षक के आने के बाद भांग के ठेके की वास्तविक जगह स्पष्ट हो जाएगी। वहीं इस पूरे मामले में गंभीर बात यह है कि मात्र दो दिन पूर्व शराब की अवैध बिक्री को लेकर जबरदस्त हंगामा हुआ था, लेकिन पुलिस की ढिलाई के चलते अवैध कारोबारियों के हौसले और बुलंद हो गए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद नशे के अड्डे धड़ल्ले से चल रहे हैं। इलाके की महिलाओं में भारी रोष है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही अवैध शराब और नशे के ठेकों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन छेड़ा जाएगा।

# करंट की चपेट में आने से युवक की हुई मौत, मृतक के परिजनों में मचा कोहराम

वेलकम इण्डिया



**शिकारपुर।** सोमवार को ग्राम कुतुबपुर बिजली घर के देहात जखौता गांव के जंगल में एक युवक की बिजली के करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। युवक की मौत के बाद गुस्साए लोगों ने शव को सड़क पर रखकर परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर शिकारपुर जहांगीराबाद रोड पर कुतुबपुर में जाम लगा दिया। इस दौरान सूचना मिलते ही, एसडीएम शिकारपुर अरुण कुमार वर्मा, सीओ शिकारपुर शशांक श्रीवास्तव, तहसीलदार गौरव बिश्नोई, एसडीओ शिकारपुर राम आशीष यादव मौके पर पहुंचे परिजनों को समझा बूझकर जाम को खुलवाया। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव जखैता निवासी रोहित पुत्र जितेंद्र 21 वर्ष अपने पिता के साथ नलकूप के पास बिजली के जोड़ा पर तार ठीक कर रहा था। अचानक करंट की चपेट में आने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# सीएचसी में एचआरपी डे का आयोजन ,गर्भवती महिलाओं का उपचार

वेलकम इण्डिया




**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एचआरपी,हाई रिस्क प्रेग्नेंसी डे क्या अवसर पर एक कैंप लगाया गया। जिसका शुभारंभ चिकित्सा प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने फीता काटकर किया। एचआरपी डे कैंप में नगर व क्षेत्र की बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाओं ने भाग लेकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य उच्च जोखिम वाली गर्भावस्थाओं की समय रहते पहचान कर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुरक्षित बनाना था।कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं की विभिन्न चिकित्सीय जांचें जैसे रक्तचाप, हीमोग्लोबिन, शुगर, वजन, अल्ट्रासाउंड एवं अन्य आवश्यक परीक्षण किए गए। साथ ही उन्हें जरूरत के अनुसार निशुल्क दवाइयां और पोषण संबंधी सप्लीमेंट भी वितरित किए गए। स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा महिलाओं को संतुलित आहार, नियमित जांच, स्वच्छता, आराम तथा गर्भावस्था के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई।चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वीरेंद्र सिंह ने बताया कि एचआरपी डे के तहत उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की विशेष निगरानी की जाती है, जिससे किसी भी संभावित जटिलता को समय रहते रोका जा सके। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करना तथा सुरक्षित प्रसव को बढ़ावा देना है। इस मौके पर समस्त स्टाफ, आशा कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## विकास प्राधिकरण के सदस्य अम्बरीश सिंह भोला ने नेशनल इंग्लिश स्कूल के विजेता बच्चों को दिया प्रथम पुरस्कार

**वाराणसी** :- सिद्धगिरी बाग सिगरा स्थित नेशनल इंग्लिश स्कूल मे आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह मुख्य अतिथि विकास प्राधिकरण (वीडिए) के मानिद सदस्य अम्बरीश सिंह भोला के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुओ इस अवसर प? ग्रांड टैलेंट कम्पटीशन में भाग लेने वाले बच्चों मे वैष्णवी,भाव्या,गर्व,पलक,अन्वी,िसद्धी,खुशी को डान्स में और देवान्श, यशी को क्रिएटिव राइटिंग में देव को स्टोरी टेलिंग में पर्णनिका राजवंशी को एंकरिंग में प्रथम पुरस्कार दिया गया` आये हुए अतिथियों का स्वागत संस्था के अध्यक्ष सुमन सिंह ने किया` कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की प्रिन्सपल सुमिता घोष,विशाल चकवर्ती एवं यशी दुबे ने किया` समारोह में आये हुए अतिथियों का धन्यवाद संस्था के सचिव बी.के.सिंह द्वारा किया गया

# देश की पहली पूर्णतः डिजिटल जनगणना 2027 की तैयारियाँ प्रारम्भ

(संतोष कुमार सिंह)



**वाराणसी** :- देश की पहली पूर्णतः डिजिटल जनगणना 2027 की तैयारियाँ प्रारम्भ हो चुकी हैं इस संबंध में सोमवार को शीतल वर्मा आईएएस मुख्य प्रधान जनगणना अधिकारी एवं निदेशक,जनगणना कार्य निदेशालय उत्तर प्रदेश द्वारा वाराणसी मंडल में जनगणना 2027 की तैयारियों की समीक्षा हेतु मंडलायुक्त एवं चारों जनपदों के जिलाधिकारियों के साथ बैठक की गई` शीतल वर्मा ने बताया कि जनगणना 2027 दो चरणों में संपन्न होगी प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का कार्य पूरे उत्तर प्रदेश में एक साथ 22 मई से 20 जून तक कराया जाएगा जबकि द्वितीय चरण में जनसंख्या गणना फरवरी 2027 में पूरे देश में कराई जाएगी उन्होंने कहा कि जनगणना के माध्यम से सामाजिक,आर्थिक एवं आवासीय स्थिति से संबंधित विस्तृत जानकारी एकत्र की जाएगी जो भविष्य की विकास योजनाओं एवं नीति निर्माण का आधार बनेगी उन्होंने बताया कि जनगणना से प्राप्त आंकड़े देश की आधारभूत संरचना के विकास के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगे

जनगणना का संचालन पूर्णतः डिजिटल माध्यम से किया जाएगा` पहली बार नागरिकों को स्व-गणना की सुविधा प्रदान की गई है जिसके अंतर्गत 7 से 21 मई 2026 तक नागरिक ऑनलाइन पोर्टल एवं मोबाइल ऐप के माध्यम से स्वयं जनगणना कर सकेंगे` मकान सूचीकरण के दौरान भवनों के उपयोग,निर्माण सामग्री,शौचालय, प्रकाश का स्रोत,खाना पकाने में प्रयुक्त ईंधन,मुख्य अनाज, टेलीविजन एवं इंटरनेट सुविधा सहित 33 प्रकार की सूचनाओं का डिजिटल संग्रह किया जाएगा` जनगणना के दौरान दी गई सभी जानकारियाँ पूर्णतः गोपनीय रहेंगी` एस.राजलिंगम मंडलायुक्त वाराणसी ने प्रशिक्षण की महत्ता को रेखांकित करते हुए ।

# ट्रैफिक पुलिस पर अवैध चालान व रूपए लेने का आरोप, चालक का हंगामा वीडियो वायरल

वेलकम इण्डिया

**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी थाना क्षेत्र के गांव हाजीपुर दुगड्डा निवासी एक गाड़ी चालक ने कस्बे के दिल्ली बस स्टैंड पर तैनात ट्रैफिक पुलिस कर्मियों पर अवैध रूप से चालान काटने और पांच सौ रुपये की वसूली करने का आरोप लगाया है। इसको लेकर चालक ने मौके पर जमकर हंगामा किया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। गांव हाजीपुर दुगड्डा निवासी खुर्शीद ने बताया कि वह सोमवार को दिल्ली बस अड्डे के पास स्थित पेट्रोल पंप से सीएनजी भरवाकर वापस लौट रहा था। उसने बताया कि वह सीट बेल्ट लगाकर गाड़ी चला रहा था, तभी वहां तैनात ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने उसकी गाड़ी की फोटो खींचकर दो बार चालान कर दिया।आरोप है कि चालान न करने के नाम पर पुलिस ट्रैफिक कर्मियों ने उससे पांच सौ रूपए भी वसूल किए। इससे नाराज होकर खुर्शीद ने मौके पर ही ट्रैफिक पुलिस कर्मियों से बहस करते हुए हंगामा कर दिया। इसी दौरान किसी ने उसका वीडियो बना लिया, जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।वहीं, ट्रैफिक पुलिस कर्मियों का कहना है कि उन पर लगाए गए सभी आरोप बेबुनियाद हैं। उन्होंने किसी भी तरह का कोई अवैध चालान नहीं किया है और न ही किसी प्रकार की कोई अवैध वसूली की गई है। जो भी चालानी कार्रवाई की गई है वह कानूनी प्रक्रिया के अनुसार की गई है।पीड़ित गाडी चालक ने कहा कि वह जल्द ही जिले के उच्च अधिकारियों से मिलकर पूरे मामले की शिकायत करेगा और पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करेगा।

# आवारा बंदरों और कुत्तों का आतंक, कई लोग घायल

वेलकम इण्डिया



**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी नगर एवं क्षेत्र में आवारा बंदरों और कुत्तों के बढ़ते हमलों से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। बीते दिनों अलग-अलग स्थानों पर हुए हमलों में कई लोग घायल हो गए, घायल इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और अपना उपचार कराया। चिकित्सकों के द्वारा घायलों को समय पर एंटी-रेबीज के इंजेक्शन लगाए गए हैं। सोमवार को नगर के सरकारी अस्पताल में पहुंचे शिवकुमार पुत्र सत्येंद्र, हुरमंजपुर राहुल कुमार व उनके पुत्र अजय कुमार, कस्बा निवासी राहुल कुमार, गढ़ी दौलत अब्दुल अहमद व प्रीति महिला किवाना निवासी शामिल हैं।गांव हुरमंजपुर निवासी राहुल कुमार ने बताया कि उनका बेटा अजय कुमार दुकान से सामान लेने गया था। इसी दौरान अचानक एक आवारा कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। बेटे को बचाने के प्रयास में कुत्ते ने राहुल कुमार को भी काट लिया, जिससे पिता-पुत्र दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने तुरंत दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उनका उपचार किया गया।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वीरेंद्र सिंह ने बताया कि आवारा बंदरों और कुत्तों के काटने से घायल हुए सभी मरीजों को समय पर एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगाए गए हैं। घायलों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। सभी की स्थिति फिलहाल सामान्य है और उन्हें एंटी रेबीज की वैक्सीन लगाकर आवारा जानवरों से दूर रहने के लिए सलाह दी गई है और समय पर उपचार करने के लिए भी जानकारी दी गई है। घायलों ने प्रशासन से मांग की है कि आवारा जानवरों की बढ़ती समस्या पर जल्द से जल्द कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से लोगों को राहत मिल सके।आवारा बंदरों और कुत्तों का आतंक, कई लोग घायल

# ड्रग डिस्पोजल कमेटी द्वारा लाखों रुपए के डोडा का विनष्टीकरण किया



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में थाना ककोड पर पंजीकृत मुअसं-147/24 धारा 8/15/29/37/60 एनडीपीएस एक्ट में बरामद 1711.40 किलोग्राम डोडा (कुल कीमत करीब 2,56,72,500/- रुपये) को जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी द्वारा सिकन्द्राबाद स्थित राइस मिल में विनिष्टीकरण किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक अपराध नरेश कुमार, क्षेत्राधिकारी शिकारपुर शशांक श्रीवास्तव, थाना प्रभारी ककोड पम्मी चौधरी मय टीम, हेड मुहर्रिर कृष्णपाल मलिक व आरक्षी तेज प्रताप सिंह थाना ककोड़, अभियोजन अधिकारी रमेश प्रसाद तथा नार्कोटिक्स टीम के है०का०मोनू तेवतिया उपस्थित रहे।

# हिन्दू इंटर कॉलेज विवाद, डीआईओएस ने प्रधानाचार्य का निलंबन किया निरस्त

वेलकम इण्डिया

**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी नगर के हिन्दू इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति और प्रधानाचार्य के बीच चला आ रहा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। जहां बीते माह प्रबंध समिति ने अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए कार्यवाहक प्रधानाचार्य उदयवीर सिंह को निलंबित कर दिया था, वहीं जिला विद्यालय निरीक्षक डीआईओएस ने समय पर आवश्यक साक्ष्य प्रस्तुत न किए जाने के कारण निलंबन आदेश को निरस्त कर दिया है।जानकारी के अनुसार, 11 जनवरी को हुई प्रबंध समिति की बैठक में प्रस्ताव संख्या-06 के तहत श्री उदयवीर सिंह को निलंबित किया गया था। इसके बाद प्रबंध समिति ने निलंबन के अनुमोदन के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक को प्रस्ताव, निलंबन पत्र एवं जांच अधिकारी द्वारा लगाए गए आरोपों की प्रतिलिपि भेजी थी।मामले की जांच के बाद जिला विद्यालय निरीक्षक ने प्रबंधक को पत्र जारी करते हुए बताया कि इंटरमीडिएट एजुकेशन एक्ट 1921 की धारा 16 (6) के अनुसार, निलंबन आदेश के सात दिन के भीतर सभी आवश्यक विवरण व संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य है। साथ ही माध्यमिक शिक्षा अधिनियम के अध्याय-03 के विनियम-39 के अंतर्गत निर्धारित प्रावधानों का पालन भी आवश्यक है।डीआईओएस के अनुसार, प्रबंध समिति द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए और नियमों का पालन नहीं किया गया। इसी कारण प्रधानाचार्य का निलंबन तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया।निलंबन रद्द होने पर कार्यवाहक प्रधानाचार्य उदयवीर सिंह ने कहा कि उन पर लगाए गए सभी आरोप निराधार थे, जो जिला विद्यालय निरीक्षक की जांच में स्पष्ट हो गया है।

# राष्ट्रीय मैराथन में हरीश बोरा ने द्वितीय स्थान पाकर जिले का नाम किया रोशन

वेलकम इण्डिया




गरुड़,दिनेश नेगी, बागेश्वर जिले के गरुड़ तहसील के कत्यूर घाटी के इड़िया गांव निवासी युवा धावक हरीश बोरा ने राजस्थान में आयोजित हाफ मैराथन में द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिला व राज्य का नाम रोशन किया है। इससे कत्यूर घाटी के खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है। रविवार को राजस्थान में आयोजित दस किमी की हाफ मैराथन दौड़ में गरुड़ के इड़िया गांव निवासी हरीश बोरा ने आठ हजार प्रतिभागियों के बीच दौड़कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। इससे पूर्व भी हरीश राज्य व राष्ट्रीय स्तर की कई प्रतियोगिताओं में स्वर्ण व कांस्य पदक प्राप्त कर चुके हैं। हरीश की इस उपलब्धि पर क्षेत्रीय विधायक पार्वती दास, दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट,जिपं अध्यक्ष शोभा आर्या,ब्लाक प्रमुख किशन सिंह बोरा, पूर्व विधायक ललित फर्शवाण,ब्लाक क्रीड़ा समिति के पूर्व अध्यक्ष नंदन सिंह अल्मिया,भाजपा जिलामहामंत्री घनश्याम जोशी, जिपं सदस्य जनार्दन लोहुमी, गरुड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील दोसाद,सुंदर सिंह नेगी, हरीश जोशी, भूपाल अल्मिया, राहुल खुल्बे, सतीश भट्ट, खतीजा नजार आदि खेल प्रेमियों ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

# विश्व हिन्दू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय पदाधिकारी कृष्णा पांडेय ,राजेश मौर्य और ओपी कश्यप के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता पश्चिम बंगाल के लिए कूच करेंग

(संतोष कुमार सिंह)



**वाराणसी**:- बाबरी मस्जिद को गिराने तथा राष्ट्रहित में चल रहे कार्यक्रमों को गति देने के उद्देश्य से दस फरवरी मंगलवार को वाराणसी से विश्व हिन्दू रक्षा परिषद के वरिष्ठ राष्ट्रीय मंत्री कृष्णा पांडेय,राष्ट्रीय महासचिव ओपी कश्यप,राष्ट्रीय मंत्री राजेश मौर्य के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता बंगाल के लिए करेंगे फावड़ा एवं कुदाल के साथ कूचे इस ऐतिहासिक यात्रा में वाराणसी सहित पूर्वांचल के विभिन्न जिलों से आए संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे` इस अवसर पर कृष्णा पांडेय ने कहा कि पश्चिम बंगाल में बाबरी मस्जिद को विध्वंस करने और अधिक सशक्त करना तथा कार्यकताओं में नई ऊर्जा का संचार करना इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य है उन्होंने कहा कि देश की एकता,अखंडता और सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा के लिए संगठन निरंतर कार्य कर रहा है और यह कूच उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है` कार्यकताओं में इस यात्रा को लेकर भारी उत्साह देखने को मिल रहा है सभी कार्यकर्ता अनुशासन और संगठनात्मक मयार्दाओं के साथ बंगाल पहुंचकर विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता करेंगे और संगठन के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएंगे` यह कूच संगठन के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में देखा जा रहा है जिससे आने वाले समय में संगठन की गतिविधियों को और अधिक बल मिलेगा

# पुलिस ने चार गौवंश तस्कर को गोवंश के साथ किया गिरफ्तार



संदीप तिवारी

**वाराणसी मिजार्मुराद** ।राजातालाब पुलिस ने एक पिकअप में लदे नौ जिन्दा मवेशियों को चार पशु तस्करों के साथ टोडरपुर बगीचे के पास से किया गिरफ्तार । प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखवीर सूचना पर राजातालाब पुलिस ने टोड़रपुर बगीचे के पास से नौ गौवंश और चार पशु तस्कर बच्चन कुमार गोड़ उर्फ लफड्डु निवासी धरसौना चोलापुर ,अकबर उर्फ टिल्लू पड़री मिजार्पुर, एहसान नट निवासी पड़री मिजार्पुर व दिनेश राजभर निवासी टोडरपुर थाना राजा तालाब को गिरफ्तार किया और गोवंश निवारण व पशु क्रूरता के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को भेजा जेल। गिरफ्तार करने वाले टीम में राजातालाब कस्बा चौकी प्रभारी राजेश कुमार मौर्य, मोहम्मद इमाम हसन, उप निरीक्षक अजब सिंह, उपनिरीक्षक सूरज चौरसिया आदि लोग रहे।

# आधुनिक प्रोसेसिंग यूनिट निर्माण को पहुंची जेसीबी मशीन को ग्रामीणों ने रोका

वेलकम इण्डिया



**बागेश्वर,** नगर पालिका में कूड़े के निस्तारण हेतु आधुनिक प्रोसेसिंग यूनिट निर्माण हेतु प्रस्तावित निर्माण स्थल पर निर्माण कार्य शुरू होते ही ग्रामीणों का विरोध शुरू हो गया है।नगर पालिका द्वारा पूर्व में निर्माण कार्य हेतु निविदा भी करा दी गई।जिसके बाद जबरन ग्राम पंचायत को अस्तित्व में लिए बगैर गांव के समीप आधुनिक प्रोसेसिंग यूनिट निर्माण हेतु कार्य शुरू होने की भनक लगते ही ग्रामवासी निर्माण स्थल पर एकत्रित होकर विरोध करने लगे और निर्माण कार्य कर रही ठेकेदार की जेसीबी मशीन को कार्य करने से रोक दिया। ग्रामीणो और पालिका के ईओ के बीच लगातार तकरार होती रही।ग्रामीण महिलाएं भी सड़क पर एकत्रित होकर अपना विरोध जताने लगी।घण्टों विरोध के बाद ईओ जेसीबी मशीन लेकर वापस लौट गए।जिसके बाद विवाद समाप्त हुआ।वही ईओ ने ग्रामीणों को न्यायालय के अग्रिम आदेश या स्टे नही मिलने तक निर्माण कार्य जारी रखने की बात कही।वही ग्रामीणों ने निर्माण कार्य पर सवालिया निशान उठाते हुए कैसे बिना ग्राम पंचायत को अस्तित्व में लिए बगैर निर्माण कार्य का प्रस्ताव तैयार हुआ, निर्माण हेतु भूमि चयन और भूमि मापन, बिना ग्रामीणों की स्वीकृति के कैसे निर्माण कार्य की स्वीकृति दी गई क्यों निर्माण कार्य हेतु आवश्यक शर्तो का पालन नही हुआ, ग्रामीणों के चरागाह और नाप भूमि को बिना काश्तकारों ,ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत की स्वीकृति के बिना कैसे निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई इसको लेकर भी जिला प्रशासन द्वारा तानाशाही पूर्ण निर्णय लेने के आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने किसी भी हालत में निर्माण कार्य नही होने देने की चेतावनी दी।इधर ग्राम प्रधान राकेश नेगी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने जमकर विरोध जताया। ग्राम प्रधान ने दो टूक शब्दों में कहा कि निर्माण कार्य यदि चलाया गया तो वे आत्मदाह करेंगे, और निर्माण करने वाली मशीन को आग लगा देंगे।किसी भी प्रकार से निर्माण कार्य को नही होने दिया जाएगा। ग्रामीणों ने एकजुट होकर अपने गांव में पालिका को किसी भी प्रकार से निर्माण कार्य को नही करने देने की बात कही।ग्रामीणों ने पालिका और जिलाप्रशासन से तत्काल निर्माण कार्य पर रोक लगाते हुए गांव के बजाय अन्यत्र स्थान पर निर्माण कार्य कराए जाने की मांग की है।वही ईओ विनोद जीना ने ग्रामीणों को बताया कि निर्माण कार्य सभी मानकों को पूरा कराते हुए निर्माण कार्य की स्वीकृति मिलने के बाद ही कराया जा रहा है। विरोध करने वाले ग्रामीणों में पूरन सिंह नेगी, देवेंद्र नेगी, जग्गू नेगी,बिशन सिंह,भुबन चंद, कुंदन सिंह, कमला देवी, नीमा देवी, बसंती देवी सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

# सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग में भावी नर्सिंग पेशेवरों के सम्मान में भव्य विदाई समारोह

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**



**हापुड़** जनपद के पिलखुवा के अनवरपुर में सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग के द्वारा एएनएम, जीएनएम एवं बी.एससी. नर्सिंग के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को सम्मानित करने एवं उन्हें भावभीनी विदाई देने के लिए एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हर्ष,गर्व, स्मृतियों और भावनाओं से परिपूर्ण रहा, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं गणमान्य अतिथियों ने एक साथ मिलकर विद्यार्थियों की शैक्षणिक यात्रा की सफल पूर्णता का उत्सव मनाया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।कार्यक्रम का शुभारंभ सभी गणमान्य अतिथियों,प्रबंधन प्रतिनिधियों,संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों के गर्मजोशी से स्वागत के साथ हुआ। पूरे वातावरण में कृतज्ञता, आपसी सहयोग और उपलब्धि की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी, जहाँ विद्यार्थियों की वर्षों की शैक्षणिक एवं नैदानिक प्रशिक्षण में की गई मेहनत, समर्पण को सराहा गया।इस अवसर पर सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्राचार्या डॉ. आर. मनोहरी ने प्रेरणादायी एवं विचारोत्तेजक संबोधन दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर बधाई दी और नर्सिंग पेशे में व्यावसायिक नैतिकता, अनुशासन,करुणा एवं आजीवन सीखने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को पेशे की गरिमा बनाए रखने तथा भविष्य की चुनौतियों का आत्मविश्वास, ईमानदारी एवं प्रतिबद्धता के साथ सामना करने के लिए प्रेरित किया।

एचआर मैनेजर एल. रुबावती ने भी प्रेरक संबोधन दिया तथा स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में व्यावसायिकता, कार्यस्थल नैतिकता, टीमवर्क एवं करियर विकास से संबंधित महत्वपूर्ण विचार साझा किए।

कार्यक्रम को सिम्स प्रबंधन टीम के सहयोग से और भी गरिमामय बनाया गया,जिसमें जनरल मैनेजर एन. वर्धराजन,डायरेक्टर रघुवर दत्त, नैक/आईक्यूएसी समिति, एचआर टीम, कैटरिंग समिति एवं मीडिया टीम शामिल रहे, जिनके सतत मार्गदर्शन और उच्च पेशेवर मानकों ने संस्था को सुदृढ़ बनाया है।सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समारोह में रंग और उल्लास भर दिया। विद्यार्थियों ने नृत्य, गायन एवं रैम्प वॉक के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इन प्रस्तुतियों ने रचनात्मकता, आत्मविश्वास,एकता और टीम भावना को दशार्या, जिससे सभागार उत्साह, हँसी और भावनात्मक क्षणों से भर गया और यह विदाई समारोह अविस्मरणीय बन गया।इस विशेष अवसर पर सरस्वती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के संस्थापक एवं चेयरमैन डॉ. जे. रामचंद्रन तथा वाइस चेयरपर्सन राम्या रामचंद्रन ने भी विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। अपने संदेश में उन्होंने विद्यार्थियों को समाज की सेवा समर्पण,सहानुभूति एवं व्यावसायिकता के साथ करने तथा संस्था के मूल्यों और दृष्टि को अपने भविष्य के करियर में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।विदाई समारोह का समापन शुभकामनाओं के आदान-प्रदान,आभार व्यक्त करने और मधुर स्मृतियों के साथ हुआ। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के बीच संबंधों को और मजबूत करने तथा सीख, विकास और उपलब्धियों की सामूहिक यात्रा का उत्सव मनाने का एक सार्थक मंच सिद्ध हुआ।

# आधे रास्ते पर उतारने पर सवारी नहीं देती ई रिक्शा चालकों को पैसे,ई-रिक्शा चालकों ने हड़ताल की दी चेतावनी



**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

**हापुड़** जनपद के नगर में यातायात पुलिस द्वारा फ्रीगंज रोड ज्ञान लोक के बाहर ई रिक्शा चालकों को रोकने पर सवारी व ई-रिक्शा चालकों ने यातायात पुलिस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया है। जिससे तहसील तक जाने वाले बुजुर्ग महिला व पुरुष सवारी लगातार परेशान होती हुई नजर आ रही है। ई रिक्शा चालकों व सवारियां ने कचहरी के आसपास सड़क पर खड़ी हुई कार आदि वाहनों को वहां से ना हटने को लेकर यातायात पुलिस पर सवाल खड़ा किया है जिन वाहनों से सड़क पर

जाम लगता है उनपर यातायात पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती है अपितु हमें हापुड़ नगर के अतरपुरा चौराहे से रेलवे रोड होते हुए फ्रीगंज रोड पर ज्ञान लोक के बाहर रोक दिया जाता है जिसके कारण सवारियां आधे रास्ते पर उतारने पर कोई पैसे नहीं देती है। जिससे परेशान होकर ई रिक्शा चालकों ने हड़ताल करने की चेतावनी दिए हैं।ई रिक्शा चालकों व सवारियां का कहना है कि अगर अतरपुरा चौराहे से ई-रिक्शा रेलवे रोड को मोड़ी जाती है तो तहसील चौराहे तक जाने दे।तहसील चौराहे पर जाने के लिए यातायात पुलिस व अधिवक्ताओं के साथ हुई बहस सोमवार को यातायात पुलिस द्वारा ई रिक्शा में बैठे अधिवक्ता को ज्ञान लोक के बहार उतारने पर ई रिक्शा चालकों को तहसील चौराहे तक जाने के लिए अधिवक्ता व यातायात पुलिस के साथ बहस देखने को मिल गई। जिससे कुछ समय के लिए सड़क पर ई रिक्शा चालकों ने सड़क के किनारे वहां खड़ा कर दिए जिससे वहां जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई।

# आगरा में दिनांक 04.02.2026 को थाना इरादतनगर क्षेत्र में एक शव बरामद किया गया, जिसकी पहचान राहुल पुत्र सुन्दर सिंह, निवासी थाना एकता के रूप में हुई।

**आगरा से संवाददाता मयूर खान**



**आगरा** मैं शहर इस सम्बन्ध में दिनांक 06.02.2026 को वादी संजय द्वारा थाना इरादतनगर पर तहरीर दी गई, जिसमें अवगत कराया गया कि उसका भाई राहुल दिनांक 03.02.2026 को दीपक नामक व्यक्ति के साथ मोटरसाइकिल पर बारात में गया था, जहाँ दीपक द्वारा उसके भाई की गला दबाकर हत्या कर दी गई। उक्त तहरीर के आधार पर थाना इरादतनगर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। तत्पश्चात दिनांक 08.02.2026 को थाना इरादतनगर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त दीपक उर्फ दीपू को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त दीपक द्वारा बताया गया कि पैसों के लेन-देन को लेकर उसने अपने अन्य 02 साथियों के साथ मिलकर राहुल की हत्या की है। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं एवं प्रकरण में अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

# दहेज लोभियों की भेंट चढ़ी 8 माह की गर्भवती,चार भाइयों की लाडली बहन का मर्डर कर फांसी पर लटकाया,8 पर केस दर्ज

**आगरा से संवाददाता मयूर खान**




**जनपद आगरा**:- जिले के थाना खंदौली क्षेत्र में दिल दहलाने वाली वारदात हुई है। दहेज के लोभी ससुराल वालों ने नवविवाहिता की पीट पीटकर कर हत्या कर घर के कमरे में फांसी के फंदे पर लटका दिया। मृतक महिला 8 माह की गर्भवती थी। घर में लटकी हुई लाश मिलने के बाद पुलिस ने 8 के खिलाफ केस दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है। आगरा के खंदौली कस्बा क्षेत्र के पेतखेड़ा रोड सोना टैंट हाउस पर दहेजलोभी ससुराल वालों ने आठ माह की गर्भवती विवाहिता को मौत के घाट उतार दिया। आरोप है कि हत्या को आत्महत्या दिखाने के लिए उसकी लाश को चमड़े की बेल्ट का फंदा बनाकर पंखा के कुंदा पर लटका दिया। सूचना मिलते ही पुलिस और मायके वाले मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार बशीर शाह निवासी शाह नगर नाई की सराय थाना खंदौली ने अपनी पुत्री शबनम की शादी करीब डेढ़ साल पहले खंदौली के भूड़ नगरीया, वर्तमान में पेतखेड़ा रोड निवासी छोटे खान के पुत्र सलमान से की थी।शादी में करीब 18 लाख रुपए खर्च किए थे ,दहेज में एक ट्रैक्टर भी दिया था लेकिन फिर भी दहेज के भूखे भेड़िया सन्तुष्ट नहीं थे। मृतका के भाई जकील अहमद ने आरोप लगाया है कि शादी के बाद से ही शबनम को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था और अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर आए दिन मारपीट होती थी।कई बार समझा बुझाकर राजीनामा भी करा दिया था लेकिन ससुरालीजन अपनी आदतों से बाज नहीं आए। जकील अहमद के मुताबिक 7 फरवरी को शबनम ने फोन कर परिजनों को बताया था कि ससुराल पक्ष उसके साथ मारपीट कर रहा है,आप आ जाओ मायके पक्ष के लोग गए और 112 पुलिस के माध्यम से राजीनामा कराकर बापस आ गए। इसके बाद 8 फरवरी रविवार की रात करीब दस बजे पति सलमान, ससुर छोटे खान, सास मीना बेगम, चचिया ससुर फिरोज, जेठ राजीव,जिठानी साइना तथा ननद रजिया व रजनी ने मिलकर शबनम के साथ मारपीट की और उसकी हत्या कर दी। आरोप है कि घटना को आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को पंखे से लटका दिया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।थाना प्रभारी ने बताया कि मृतका के भाई जमील की तहरीर पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।आगे कार्यवाही की जा रही है। लाडली बहन की मौत का सुन उड़े होश शबनम 4 भाइयों के बीच में इकलौती बहन थी सभी भाइयों के बीच बहुत ही लाडली थी सभी भाई उसके बहन नहीं अपना पांचवा भाई मानते थे।

# 119 केंद्रों पर लाइव मॉनिटरिंग, छह सचल दल और कंट्रोल रूम से रहेगा कड़ा पहरा

**वेलकम इण्डिया**



**सिद्धार्थनगर**। 18 फरवरी से शुरू हो रही हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं के लिए जिला प्रशासन ने बहुस्तरीय निगरानी तंत्र स्थापित किया है। इसका उद्देश्य परीक्षाओं को नकलविहीन, पारदर्शी और अनुशासित तरीके से संपन्न कराना है। जिले के सभी 119 परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से लाइव मॉनिटरिंग की जाएगी। इसके अतिरिक्त, एक कंट्रोल रूम और सचल दल भी सक्रिय रहेंगे। जिला मुख्यालय स्थित राजकीय पुस्तकालय सिद्धार्थनगर में एक केंद्रीय कंट्रोल रूम बनाया गया है।यहां से सभी परीक्षा केंद्रों की लगातार निगरानी की जाएगी। कंट्रोल रूम का मुख्य कार्य शिकायतों का त्वरित निस्तारण, आकस्मिक स्थितियों में तत्काल कार्रवाई और नकल पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करना है। यह कंट्रोल रूम दो शिफ्टों में संचालित होगा, जिसमें माध्यमिक और बेसिक शिक्षा विभाग के कुल 28 शिक्षक तैनात रहेंगे।परीक्षाओं की शुचिता बनाए रखने के लिए जिले में छह सचल दल गठित किए गए हैं। ये दल परीक्षा अवधि के दौरान सभी 119 केंद्रों पर औचक निरीक्षण करेंगे और व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। जिले की पांचों तहसीलों में अलग-अलग सचल दस्ते तैनात किए गए हैं। एक अतिरिक्त दस्ता बिना किसी पूर्व सूचना के रैंडम आधार पर किसी भी केंद्र पर पहुंचेगा, ताकि नकल कराने वाले गिरोह या लापरवाह कर्मचारियों को सतर्क होने का मौका न मिले।इस वर्ष जिले में कुल 64,910 परीक्षार्थी बोर्ड परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा की गरिमा से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। सचल दलों को परीक्षा कक्षों की स्थिति, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा, डबल लॉक अलमारी की जांच, सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली और केंद्र व्यवस्थापकों की भूमिका की गहन जांच करने के निर्देश दिए गए हैं जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि परीक्षा के दौरान केंद्रीय कंट्रोल रूम से सभी केंद्रों पर निरंतर संवाद स्थापित रहेगा।

विद्यालय स्तर पर भी कंट्रोल रूम सक्रिय रहेंगे, जो सीधे उच्चाधिकारियों से जुड़े होंगे। किसी भी परीक्षा केंद्र पर अनियमितता पाए जाने पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाएगी, जिसमें केंद्र व्यवस्थापक के खिलाफ भी कार्रवाई शामिल हो सकती है।

# देहात थाने के इंचार्ज ने चाइनीज मांझे की बिक्री रोकने को लेकर चलाया जागरूकता अभियान नीरज कुमार



**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

**हापुड़** जनपद के थाना देहात प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार ने चाइनीज मांझे की बिक्री रोकने को लेकर चलाया जागरूकता अभियान।पूरी टीम को लेकर क्षेत्र में चाइनीज अवैध माझे की बिक्री रोकने को लेकर क्षेत्र में भारी पुलिस फोर्स के साथ चल रहे अभियान माइक के माध्यम से लोगों को कर रहे जागरूक। निदेर्शों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की दे रहे चेतावनी। लोगों के साथ होने वाली चाइनीज माझे से घटनाओं को रोकने के लिए थाना प्रभारी नीरज कुमार और उनकी पुलिस टीम का सराहनीय कार्य दिन निकलते ही क्षेत्र में चलाया अभियान लोगों को किया जा रहा जागरूक।

# बांसी माघ मेले के राप्ती घाट पर युवक को लात घूसों से मारने पीटने का वीडियो वायरल

**असदुल्लाह सिद्दीकी**



**बांसी/सिद्धार्थनगर**। बांसी माघ मेले की व्यवस्थाएं सोमवार शाम 9 फरवरी को करीब 5 बजे अव्यवस्था का शिकार हो गईं। मौनी अमावस्या स्नान से शुरू होकर एक माह तक चलने वाले इस विशाल धार्मिक मेले में सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह विफल नजर आई। राप्ती नदी के घाट पर हुई एक मारपीट की घटना ने प्रशासनिक तैयारियों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों और वायरल वीडियो फुटेज के अनुसार, घाट पर मौजूद 5 से 6 युवकों ने एक युवक को घेरकर बेरहमी से पीटा। इस दौरान लात-घूंसे और थप्पड़ों का जमकर इस्तेमाल किया गया। अचानक हुई इस घटना से घाट पर अफरा-तफरी मच गई। मेले में स्नान और दर्शन के लिए आई महिलाएं और बच्चियां घबरा गईं और सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगीं। कुछ ही देर में घाट पर भय का माहौल बन गया, जिससे कई श्रद्धालुओं ने स्नान और दर्शन अधूरे छोड़ दिए।घटना के दौरान और उसके बाद भी मौके पर कोई सुरक्षाकर्मी मौजूद नहीं था। जबकि हर वर्ष भारी भीड़ और संवेदनशीलता को देखते हुए घाटों पर अस्थायी पुलिस चौकी और सुरक्षा व्यवस्था तैनात करने के दावे किए जाते हैं। इस घटना ने उन दावों की पोल खोल दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इतने बड़े धार्मिक मेले में यदि प्रमुख घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था नहीं होगी, तो श्रद्धालुओं की जान-माल की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जा सकती है। यह घटना माघ मेले की सुरक्षा व्यवस्था में गंभीर खामियों को उजागर करती है।

गौरतलब है कि बांसी माघ मेले का उद्घाटन 17 जनवरी 2026 को हुआ था और यह मेला पूरे एक महीने तक चलता है। मेले के शुरूआती दिनों में ही इस तरह की घटना सामने आना प्रशासनिक लापरवाही की ओर इशारा करता है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस घटना से सबक लेकर सुरक्षा व्यवस्था को कितना मजबूत करता है।

# ग्रामसभा हरदासपुर में कम्बल वितरण, ठंड में जरूरतमंदों को मिली राहत: खालिक रहमान

**मोहाना/सिद्धार्थनगर**। ठंड के बीच विकास खंड नौगढ़ के ग्रामसभा हरदासपुर के पंचायत भवन पर जब जरूरतमंद एवं पात्र लोगों के बीच कम्बल वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। सर्दी में यह पहल कई परिवारों के लिए बड़ी राहत बनकर सामने आई। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा खालिक रहमान, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि श्री मोहम्मद तारिक उर्फ पाण्डेय, लेखपाल अजय कुमार, मंडल महामंत्री नौगढ़ देहात नरेंद्र चौधरी एवं रोजगार सेवक रज्जब अली,अब्दुल गनी सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित रहे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा खालिक रहमान ने कहा कि प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और संवेदनशील सोच के चलते अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुँच रही है।

# थाना डिबाई पुलिस द्वारा एक शातिर अभियुक्त को 6 माह के लिए जनपद से किया गया जिला बदर।

**वेलकम इण्डिया**



**डिबाई/बुलंदशहर** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना डिबाई क्षेत्रान्तर्गत अभियुक्त राहुल पुत्र सोरन सिंह निवासी ग्राम नगला छत्तू थाना डिबाई के द्वारा लगातार अपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने के कारण क्षेत्र में गुंडागर्दी के बल पर अपराधिक एवं समाज विरोधी क्रियाकलापों में लिप्त होने के संबंध में थाना डिबाई पर विभिन्न अभियोग पंजीकृत हुए है। विपक्षी के अपराधिक कृत्यो से जनता में भय आतंक व्याप्त है जिसके कारण क्षेत्र की जनता स्वयं को असुरक्षित महसूस करती है तथा क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति इसके विरुद्ध गवाही देने और रिपोर्ट लिखाने की हिम्मत नहीं करता है। उपरोक्त समाज विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के कारण पर्याप्त सबूतों के आधार पर श्रीमान अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) बुलंदशहर द्वारा अभियुक्त राहुल उपरोक्त को 6 माह के लिए जनपद की सीमा से निष्कासित किया गया है। अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) बुलंदशहर के आदेश के क्रम में सोमवार को नियमानुसार आदेश की प्रति अभियुक्त के परिजनों को प्राप्त करा कर अभियुक्त को जनपद की सीमा से 06 माह के लिए निष्कासित करते हुए मुनादी कराई गयी।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।



**वेलकम इण्डिया**

**बुलंदशहर** सड़क सुरक्षा के अन्तर्गत को ग्राम बराल में नीतू शर्मा, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) ग्राम प्रधान संतोष देवी एवं नेमवीर जिला प्राथमिक विद्यालय प्रधानाध्यापक के द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं ग्राम वासियों को सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया गया।

# सांसद ने उठाई ईएसआई अस्पताल को एक्सीडेंट एवं ट्रामा सेंटर बनाए जाने की मांग

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,**( अनिल वशिष्ठ)। बागपत लोकसभा क्षेत्र के सांसद राजकुमार सांगवान ने सोमवार को केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया से मुलाकात की। सांसद ने मोदीनगर के ईएसआई अस्पताल को ईएसआईसी एकीकृत अति विशिष्ट एक्सीडेंट एंड ट्रामा सेंटर बनाए जाने कि मांग की। जो कि केंद्रीय निगम द्वारा संचालित हो। केंद्रीय मंत्री ने इसको लेकर सकारात्मक जवाब दिया है। बागपत लोकसभा क्षेत्र के सांसद राजकुमार सांगवान ने केंद्रीय मंत्री डॉ० मनसुख मांडविया को बताया कि ईएसआईएस अस्पताल, मोदीनगर एक समय फ्लैगशिप अस्पताल हुआ करता था। किन्तु राज्य सरकार द्वारा संचालित होने के कारण इस पर विशेष ध्यान नहीं दिया गया, जिससे इसमें मूलभूत सुविधाएं जैसे कि विशेषज्ञ डॉक्टर, सर्जन, नर्सिंग स्टाफ, टेक्नीशियन, लैबोरेटरी सुविधाएं, रेडियोलॉजी की सुविधाएं, दवाईयों के साथ साथ बिल्डिंग के रख-रखाव में निरंतर कमी आती रही। जिससे आम जन के साथ-साथ बीमित व्यक्तियों एवं उनके आश्रितों का ईएसआई के प्रति भरोसा उठ गया। बीमित व्यक्तियों एवं फैक्ट्री संचालकों/संस्थानों को ईएसआई से होने वाले सभी प्रकार के हितलाभ व सामाजिक सुरक्षा का प्रचार प्रसार मोदीनगर सहित सम्पूर्ण पश्चिमी उत्तर प्रदेश में नहीं हुआ। ईएसआईद्वारा दिए जाने वाले आर्थिक हितलाभ का दूरस्थ कार्यालय होना एवं देरी से मिलने की स्थिति में बीमित व्यक्तियों एवं उनके आश्रितों को राजधानी दिल्ली करीब होने के कारण स्वास्थ्य हित एवं जीवन रक्षा हेतु पलायन करना पड़ा ईएसआई अस्पताल, मोदीनगर में सुविधाओं के अभाव के कारण, सारे मरीजों को पैनल के निजी प्राइवेट अस्पतालों में रेफर किया जाता है एवं रेफरल के माध्यम से प्राइवेट अस्पताल मोटी कमाई करते हैं। उक्त सभी वजहों से ईएसआई अस्पताल, मोदीनगर, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बीमित व्यक्तियों में कमी आयी है। सांसद ने कहा कि मोदीनगर के इस अस्पताल को ईएसआई के आधीन कर ईएसआई सी एकीकृत अति विशिष्ट एक्सीडेंट एंड ट्रॉमा सेंटर₹ में तब्दील किया जाना, जो कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना कार्ड एवं भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति में दिए जाने वाला आर्थिक सहयोग की धनराशि का उपयोग कर 50 प्रतिशत आम-जन एवं 50 प्रतिशत बीमित व्यक्तियों एवं उनके आश्रितों को चौबिसों घंटे गंभीर देखभाल, सभी आपातकालीन सर्जरी व सभी सम्बंधित जांचें होने वाले अस्पताल का निर्माण निश्चय ही बहुत ही दूरगामी परिणाम देने वाले एवं मील का पत्थर साबित होने वाला कदम होगा। साथ ही इसके संचालन में ई० एस० आई० सी० को अतिरिक्त आर्थिक बोझ का भी सामना नहीं करना पड़ेगा।

# राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप में एन. अजीत ने 145 किग्रा भार उठाकर नया रिकॉर्ड अपने नाम किया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,**( अनिल वशिष्ठ)। राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप के छठे दिन 71 किग्रा पुरुष वर्ग (यूथ, जूनियर एवं सीनियर) की प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को रोमांचित कर दिया। खिलाड़ियों ने अपनी उत्कृष्ट शक्ति, तकनीक एवं आत्मविश्वास से सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उमेश कुमार (प्रांतीय संगठन मंत्री, क्रीड़ा भारती) और पद्मश्री अवार्ड सुश्री साईखोम मीराबाई चानू और सतीश शिवलिंगम ओलंपियन अर्जुन अवॉर्डी और के रवि कुमार ओलंपियन अर्जुन अवार्डी ने विजेता खिलाड़ियों को पदक पहनाकर सम्मानित किया तथा उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता का सफल संचालन द्रोणाचार्य अवॉर्डी विजय शर्मा के कुशल मार्गदर्शन एवं देखरेख में किया जा रहा है, जिनके नेतृत्व में आयोजन उच्च स्तर पर संचालित हो रहा है। इस प्रतियोगिता के मुख्य आकर्षण रहे एन.अजीत (आरएसपीबी), जिन्होंने अपने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। उल्लेखनीय है कि एन अजीत सीनियर खिलाड़ी 77ह्यॅ श्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन में ह्लवेटलिफ्टिंग वॉरियर अकादमीह्व मोदीनगर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, विजय शर्मा का मुख्य उद्देश्य अपने खेल स्तर को निरंतर ऊँचाइयों तक पहुँचाना है, जिसके लिए वे पूरे समर्पण और अनुशासन के साथ अभ्यास करा रहे हैं।जिसके परिणामस्वरूप वे राष्ट्रीय स्तर पर निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड: इस प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में एन. अजीत ने स्नैच स्पर्धा में 145 किग्रा भार उठाकर नया रिकॉर्ड अपने नाम किया, जिससे प्रतियोगिता का स्तर और भी ऊँचा हो गया।

# लेखपाल संघ जनपद गाजियाबाद के चुनाव में संजय कुमार को जिला अध्यक्ष चुना गया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,**( अनिल वशिष्ठ)। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ जनपद गाजियाबाद के चुनाव में संजय कुमार को जिला अध्यक्ष व मनीष मिश्रा को जिला सचिव चुना गया। कुल 58 मतो का प्रयोग हुआ जिसमें से संजय कुमार व मनीष मिश्रा को 38-38 मत प्राप्त हुए। निर्वाचन अधिकारी पश्चिम जोन उपाध्यक्ष सिद्धार्थ कौशिक एवं खण्ड मंत्री प्रहलाद सिंह यादव ने बताया कि उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ शाखा जनपद गाजियाबाद का चुनाव सोमवार को संपन्न हुआ। जिसमें संजय कुमार को अध्यक्ष,व मनीष मिश्रा को जिला सचिव चुना गया। इसके अलावा श्रीमती अलका सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्रीमती सोनिया को कनिष्ठ उपाध्यक्ष,श्रीमती रितु को उपसचिव, सचिन कुमार कोषाध्यक्ष, श्रीमती रेनू शर्मा को लेखा निरीक्षक निर्विरोध चुना गया।

# संघ हिंदू समाज सनातन धर्म व संस्कृति का संरक्षण करने के लिए काम करता है-ओझा

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद** ,( अनिल वशिष्ठ)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर हिंदू सम्मेलन का आयोजन वसुंधरा सेक्टर 15, साहिबाबाद व नंदग्राम में आयोजित किया गया किया गया। हिंदू सम्मेलन में मुख्य वक्ता के नाते बोलते हुए अरविंद भाई ओझा ने कहा की संघ किसी के विरोध के लिए नहीं है संघ हिंदू समाज सनातन धर्म व संस्कृति का संरक्षण करने के लिए काम करता है। इसलिए वह हिंदू समाज के उत्थान का विचार करता है। आज सारे विश्व में जो अशांति फैली है उस अशांति को भारत का हिंदुत्व दर्शन व विचार ही दूर कर सकता है क्योंकि सनातन धर्म सबसे पुरातन है और सनातन धर्म ही कर्णवन्तो विश्व मार्यम और वसुदेव कुटुंबकम की बात करता है।सम्मेलन में मुख्य अतिथि के नाते महंत जीवन ऋषि महाराज मनोकामना धाम गाजियाबाद ने बोलते हुए कहा की धर्म और सम्प्रदाय में अंतर होता है धर्म व्यक्ति को अंदर से सुंदर बनाता है और त्यागमय जीवन जीना सिखाता है। संप्रदाय लोगों को बाहर से एक जैसा दिखाता है और अंदर से बिखरने के डर से भयाक्रांत रहता है आनंद कुमार साह प्रान्त प्रचारक व अभिषेक सचदेवा महानगर कार्यवाह ने संघ के 100 वर्ष की संघर्ष गाथा से सभी को अवगत कराया, कार्यक्रम में मंच का संचालन सुनील तिवारी एडवोकेट हर्ष व राजन कुमार ने किया तथा सम्मेलन के अन्त में समिति की ओर से गजेंद्र मावी, मोहन जायसवाल सरदार परमजीत सिंह व कुलदीप त्यागी ने सभी आगन्तुकों का आभार प्रकट किया। अन्य गणमान्य व्यक्तियों में डॉ ज्ञानेंद्र सिंह, स्वीटी रैना, दिवाकर मिश्रा मनमोहन सिंह रावत,निशांत पंडित, कुलदीप त्यागी, घनश्याम, अरविंद मिश्रा, आशीष त्रिवेदी उपस्थित रहे।

# निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा बूथ लेवल अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,**( अनिल वशिष्ठ)। तहसील मोदीनगर स्थित विधानसभा 57 मोदीनगर के कुल 397 बूथ लेवल अधिकारियों को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/ उप जिलाधिकारी विधानसभा 57 मोदीनगर द्वारा तहसील मोदीनगर सभागार में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में निम्न प्रकार की तृतीय के निराकरण के बारे में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी महोदय द्वारा बीएलओ को बीएलओ एप के माध्यम से मतदाता से कौन-कौन से वैलिड डॉक्युमेंट, अंडरटेकिंग फॉर्म और किस तरह से ऐप पर फीडिंग की जानी है के बारे में विस्तार से बताया गया। लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी के नोटिस की सुनवाई ब्लू को घर-घर जाकर करनी है तथा उनके डॉक्यूमेंट भी बीएलओ एप पर अपलोड करने हेतु निर्देशित किया गया। सभी पत्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित किए जाने के लिए फॉर्म सिक्स भरने के लिए भी निर्देशित किया गया, अगर किसी के वोटर कार्ड में कोई त्रुटि है तो उसके लिए फार्म आर्ट भरने के लिए भी निर्देशित किया गया तथा मृतक और डबल पाए जाने वाले मतदाता के लिए फॉर्म 7 भरने के लिए निर्देशित किया गया।

# संघर्ष ब्राह्मण महासभा की ताकत है - भारद्वाज



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,**( अनिल वशिष्ठ)। अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीडी शर्मा व राष्ट्रीय महामंत्री शिव मोहन भारद्वाज, जिला अध्यक्ष बुद्ध प्रकाश शर्मा महानगर अध्यक्ष नीरज कौशिक, राष्ट्रीय सचिव अवधेश शर्मा ने सोशल मीडिया और ब्राह्मण महासभा की ताकत को बताते हुए कहा सोशल मीडिया और आपकी ताकत का परिणाम डीडी न्यूज पर प्रसारित हो रहा है ₹घूसखोर पंडित₹ वेब सीरीज जो नेटफ्लिक्स पर प्रसारित होनी थी,उसे केंद्र सरकार ने पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कर दिया है और वेब सीरीज के निदेशक को सूचित किया है कि इस प्रसारित न करें। आप इसी तरह संघर्ष करते रहें।आपका संघर्ष ब्राह्मण की ताकत है।

# युवक फांसी के फंदे पर लटका,पुलिस ने डेढ़ मिनट में पहुंचकर बचाई जान

वेलकम इण्डिया



**सिद्धार्थनगर।** फंदे पर लटक रहे युवक को पुलिस ने डेढ़ मिनट में बचाया। मां से खाने को लेकर विवाद हुआ, इसके बाद उसने खुद को कमरे में बंद कर लिया। मां के चिल्लाने पर करीब 200 लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलते ही करीब 1 मिनट में पुलिस वहां पहुंची। चौकी इंचार्ज, हेड कॉन्स्टेबल और कॉन्स्टेबल जब दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे, तो वह फंदे पर लटका तड़प रहा था। चौकी इंचार्ज और हेड कॉन्स्टेबल ने युवक को गोद में उठाया और कॉन्स्टेबल ने रस्सी काटी।इसके बाद वह जमीन पर तड़पता रहा। पुलिस गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले गई। जहां डॉक्टरों के इलाज से उसकी जान बची। दरअसल, पुलिस उससे सिर्फ 500 मीटर ही दूर थी। पुलिस ने करीब डेढ़ मिनट में युवक को बचाया। जबकि गांव के लोग उसे मरा समझ चुके थे, तभी कोई दरवाजा तोड़कर अंदर जाने की कोशिश नहीं कर रहा था।सेमरा निवासी विजय कुमार पुत्र स्व. विनय कुमार (27 वर्ष) मुंबई में काम करता है। वह कुछ दिन पहले ही मुंबई से गांव लौटा था। मां और पत्नी में अक्सर झगड़ा होता था। इसलिए पत्नी घर छोड़कर मायके में रह रही है। इसके बाद से युवक मानिसक रूप से परेशान था। 6 फरवरी की शाम 7 बजे खाना नहीं मिलने पर मां से उसकी बहस हुई। इसके बाद वह कमरा बंद करके फंदा लगाने लगा। मां के चीखने-चिल्लाने पर भारी भीड़ जुट गई। इसी दौरान गांव के रहने वाले रिजवान नाम युवक ने चौकी इंचार्ज राजेश कुमार तिवारी को फोन करके सूचना दी। संयोग से उस समय चौकी इंचार्ज राजेश कुमार तिवारी, हेड कॉन्टेबल ओमपाल गौतम और कॉन्स्टेबल पवन सिंह घटनास्थल से सिर्फ 500 मीटर दूर बजहा क्षेत्र में गश्त पर थे। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मिनट- सवा मिनट में वहां पहुंची। वहां देखा कि करीब 200 लोगों की भीड़ लगी है। हालांकि कोई भी युवक को बचाने की कोशिश नहीं कर रहा था।

# तेज रफ्तार बोलेरो ने ई-रिक्शा मे मारी टक्कर, चालक की मौत, दो महिलाएं गम्भीर रूप से घायल

संजीव कुमार गुप्ता



**इटवा/सिद्धार्थनगर।** जनपद के इटवा-बढ़नी मार्ग पर सोमवार 4 बजे के करीब घोपलापुर के पास एक तेज रफ्तार बोलेरो ने सामने से आ रहे ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। इस हादसे में ई-रिक्शा चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो महिला यात्री गंभीर रूप से घायल हो गईं। मृतक ई-रिक्शा चालक की पहचान घुरहुवा जोत थाना क्षेत्र के कठेला समय माता निवासी दिलसाद पुत्र इसरार के रूप में हुई है। दिलसाद अपने परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। उसकी मौत की खबर से परिवार में मातम छा गया। परिजन घटनास्थल पर पहुंचे।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बोलेरो तेज गति में थी और चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया था। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। ई-रिक्शा में सवार दो घायल महिलाओं की पहचान खानकोट निवासी सुशीला (40 वर्ष) और बलरामपुर जनपद के मधवानगर निवासी उर्मिला (35) के रूप में हुई है। दोनों को तत्काल सिद्धार्थनगर मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर बताई है।हादसे में बोलेरो चालक जय प्रकाश (50) भी गंभीर रूप से घायल हो गया। बोलेरो में चालक सहित कुल पांच लोग सवार थे। दुर्घटना के बाद बोलेरो में सवार चार अन्य लोग मौके से फरार हो गए। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। घायल चालक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना की सूचना मिलते ही इटवा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# न्यायालय के आदेश पर दो कॉलोनियों में कब्जा किए गए मकान खाली कराए गए

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** न्यायालय के आदेश पर नगर की दो कॉलोनियों में कब्जा किए हुए लोगों से मकान खाली कराए गए है। मैसर्स हरियाणा डिस्टलरी लि० के अधिकृत प्रतिनिधि दीपांकर शर्मा ने बताया कि मैसर्स हरियाणा डिस्टलरी लि० कम्पनी द्वारा मीरा देवी व अन्य के विरूद्ध मकान 60 (भूतल), सतीश पार्क के विरूद्ध उपरोक्त मकान को खाली कराये जाने हेतू न्यायालय जज खफीफा के यहां मुकदमा दायर किया था। न्यायालय द्वारा 22 अगस्त 2025 को कम्पनी के पक्ष में वाद डिग्री करते हुए विपक्षी को आदेश दिया गया कि वह 16 जनवरी 2019 से 10,000 रुपए प्रतिमाह हजार्ना भी कम्पनी को अदा करें। कम्पनी ने न्यायालय में 28 अक्टूबर 2025 को न्यायालय में इजराय योजित की, जिस पर न्यायालय ने बजरिये पुलिस अमीन को मकान खाली कराकर एवं कम्पनी की डिग्रीधन की धनराशि 8,20,866/- रुपए की रिकवरी मकान में रखा सामान आदि कुर्क करके व उपरोक्त मकान का खाली कब्जा देने का आदेश पारित किया।

# संग्रह अमीन से मारपीट मामले प्रदर्शन:राजस्व कर्मियों ने धरना देकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

वेलकम इण्डिया



**सिद्धार्थनगर।** नौगढ़ तहसील क्षेत्र में सरकारी बकाया वसूली के दौरान संग्रह अमीन से मारपीट का मामला अब तूल पकड़ गया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था, लेकिन आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से नाराज उत्तर प्रदेश राजस्व संग्रह अमीन संघ ने सोमवार को धरना-प्रदर्शन किया।

यह घटना तब हुई जब संग्रह अमीन सरकारी बकाया वसूली के लिए गए थे। वायरल वीडियो में 'योगी-मोदी जिंदाबाद' के नारे लगाते हुए संग्रह अमीन के साथ मारपीट और सरकारी कार्य में बाधा डालने की बात सामने आई है। 9 फरवरी सोमवार को उत्तर प्रदेश राजस्व संग्रह अमीन संघ के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में सिद्धार्थनगर कलेक्ट्रेट परिसर में यह धरना-प्रदर्शन किया गया। इसमें जनपद की विभिन्न तहसीलों से आए दर्जनों संग्रह अमीन शामिल हुए और प्रशासन के प्रति अपना रोष व्यक्त किया। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि आरोपियों पर त्वरित और सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा संग्रह अमीन संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि संग्रह अमीन शासन के निर्देश पर बैंकों के बकाया की वसूली और कुर्की जैसी वैधानिक कार्रवाई करते हैं। ऐसी घटनाएं न केवल कानून व्यवस्था पर सवाल उठाती हैं, बल्कि कर्मचारियों की जान-माल की सुरक्षा को भी खतरे में डालती हैं। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि वीडियो में स्पष्ट मारपीट के बावजूद अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है।वक्ताओं ने यह भी कहा कि यदि सरकारी कर्मचारी सुरक्षित नहीं होंगे, तो राजस्व वसूली जैसे संवेदनशील कार्य प्रभावित होंगे। संघ ने प्रशासन से मांग की है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी सरकारी कर्मचारियों के साथ ऐसी हरकत करने का साहस न कर सके।

इस पूरे मामले पर मोहाना थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस टीम को आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगाया गया है और वायरल वीडियो तथा उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर जांच की जा रही है। थानाध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि आरोपियों को बहुत जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# ओवर रेटिंग पर सर्जिकल स्ट्राइक : गुप्त टेस्ट परचेजिंग में खुली अनुज्ञापी की पोल

## रिकॉर्ड में खेल और अतिरिक्त शराब बरामद, लाइसेंसी पर भारी जुमार्ना व नोटिस

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** जनपद की आबोहवा को शुद्ध रखने और सरकार के राजस्व को सुरक्षित करने के उद्देश्य से गाजियाबाद में आबकारी विभाग एक मिशन मोड में कार्य कर रहा है। यह केवल अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई नहीं, बल्कि एक संगठित अभियान है, जिसे 'मिशन शुद्ध आबोहवा-शुद्ध राजस्व का नाम दिया जा सकता है। इस मिशन की कमान जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार प्रथम के हाथों में है, जिनकी अगुवाई में विभाग की टीमें बिना समय की परवाह किए सड़कों से लेकर दुकानों तक सख्त निगरानी कर रही हैं। कहते हैं कि सरकार के राजस्व में सबसे बड़ी हिस्सेदारी स्टांप और आबकारी विभाग की होती है। यही राजस्व प्रदेश के विकास, जनकल्याण योजनाओं और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में खर्च होता है। ऐसे में आबकारी विभाग की जिम्मेदारी केवल टैक्स वसूली तक सीमित नहीं रहती, बल्कि यह जनस्वास्थ्य, कानून-व्यवस्था और जिले की छवि से भी सीधे जुड़ जाती है। इसी जिम्मेदारी को समझते हुए गाजियाबाद आबकारी विभाग ने अवैध शराब, ओवर रेटिंग और नियमों की अनदेखी के खिलाफ निर्णायक रुख अपनाया है। जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार प्रथम की टीम पहले ही अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और परिवहन पर प्रभावी कार्रवाई कर चुकी है। बाहरी राज्यों से शराब की तस्करी हो या बिना लाइसेंस के शराब पार्टियों का आयोजन-हर स्तर पर सख्ती बरती जा रही है। टीम का स्पष्ट संदेश है कि सरकार के राजस्व से खिलवाड़ और जनता के स्वास्थ्य से समझौता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार प्रथम का साफ कहना है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। विभाग का उद्देश्य केवल कार्रवाई करना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि आमजन को शराब निर्धारित मूल्य पर, कानूनी और सुरक्षित तरीके से मिले। 'मिशन शुद्ध आबोहवा-शुद्ध राजस्व के तहत आबकारी विभाग ने यह साबित कर दिया है कि यदि नीयत साफ और रणनीति मजबूत हो, तो अवैध कारोबार पर पूरी तरह लगाम लगाई जा सकती है। बाहरी राज्यों से शराब तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए डासना, दुहाई टोल प्लाजा सहित राज्य और राष्ट्रीय राजमार्गों पर वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है। आबकारी निरीक्षक अखिलेश कुमार, अनुज वर्मा, चमन सिंह, चन्द्रजीत सिंह, मनोज शर्मा, कीर्ति सिंह और दिनेश सिंह अपनी-अपनी टीमों के साथ लगातार मैदान में सक्रिय हैं। आबकारी विभाग की कार्यशैली को और पारदर्शी बनाने के लिए एक अहम कदम उठाया गया है। सभी आबकारी निरीक्षकों को एक-दूसरे के कार्यक्षेत्र में फेरबदल कर गुप्त टेस्ट परचेजिंग और निरीक्षण कराया जा रहा है। इससे न केवल दुकानों पर पूरी निगरानी रहती है, बल्कि अधिकारियों की कार्यप्रणाली की भी निष्पक्ष समीक्षा हो रही है। रविवार को आबकारी विभाग की टीम ने लाइसेंसी शराब की दुकानों पर ओवर रेटिंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। आबकारी निरीक्षक मनोज शर्मा एवं उनकी टीम ने गुप्त रूप से टेस्ट परचेजिंग की। डूंडेहड़ा स्थित लाइसेंसी आकाश त्यागी की देशी शराब की दुकान पर पहले छिपे रूप में शराब खरीदी गई, जिसमें निर्धारित मूल्य से अधिक वसूली की पुष्टि हुई। जब मौके पर मौजूद ग्राहकों से पूछताछ की गई तो उन्होंने भी ओवर रेटिंग की पुष्टि की। इसके बाद टीम ने दोबारा ग्राहक बनकर शराब खरीदी, जहां लाइसेंसी की मौजूदगी में 75 रुपये की बोतल 80 रुपये में बेची जाती पाई गई। यह साफ तौर पर नियमों का उल्लंघन था। जांच के दौरान दुकानों पर रखे रजिस्टर अपूर्ण पाए गए। परिवहन पास का रखरखाव भी संतोषजनक नहीं था। सबसे गंभीर बात यह रही कि रजिस्टर में दर्ज ड्यूटी-पेड माल से अलग अतिरिक्त शराब भी बरामद हुई।

# महापौर सुनीता दयाल के प्रवास में 101 नए मतदाताओं ने भरे वोटर फार्म



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** लोकतंत्र को सशक्त बनाने की दिशा में गाजियाबाद की महापौर एवं भाजपा उत्तर प्रदेश की प्रदेश उपाध्यक्ष सुनीता दयाल ने वार्ड 47 शास्त्री नगर में नवमतदाता अभियान के अंतर्गत प्रवास किया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों की भागीदारी से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को व्यापक समर्थन मिला और मौके पर ही 101 नए मतदाताओं के लिए फार्म-6 भरवाकर सूची तैयार की गई, जिसे संगठनात्मक फॉर्मेट के अनुसार जिलाप्रशासन को भेजा गया। स्थानीय निवासियों को संबोधित करते हुए महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि वोट बनवाना और वोट डालना लोकतंत्र की पहली जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हर नागरिक को सबसे पहले अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करना चाहिए, क्योंकि मजबूत लोकतंत्र की नींव जागरूक और जिम्मेदार मतदाताओं से ही बनती है। उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से आगे आने का आह्वान करते हुए कहा कि समय निकालकर वोट बनवाना हर योग्य नागरिक का कर्तव्य है। महापौर ने लोगों को जानकारी देते हुए बताया कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फार्म-6 भरना होता है, जिसे ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से जमा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यदि किसी नागरिक को प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की परेशानी आती है तो मंडल अध्यक्ष, पार्षद और पार्टी के कार्यकर्ता लगातार इस कार्य में जुटे हुए हैं और उनसे सीधे संपर्क कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। नवमतदाता अभियान के दौरान शास्त्री नगर के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। महापौर के प्रवास के दौरान स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और बड़ी संख्या में युवाओं ने मतदाता बनने की प्रक्रिया पूरी की। कार्यक्रम के दौरान पार्षद अमित त्यागी, वरिष्ठ समाजसेवी विनोद जिंदल, पूर्व महानगर उपाध्यक्ष वेद प्रकाश गर्ग, वरिष्ठ अधिवक्ता आशुतोष श्रीवास्तव, दिनेश चौधरी, रिटायर्ड जज सुभाष सैनी, शिवम जिंदल, पूजा शर्मा, शुभम सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## मामूली विवाद बना जानलेवा, बुजुर्ग की पिटाई के बाद मौत से इलाके में सनसनी

**साहिबाबाद।** टीला मोड़ थाना क्षेत्र में मामूली विवाद के बाद एक बुजुर्ग की पिटाई से मौत का मामला सामने आने से इलाके में हड़कंप मच गया। आरोप है कि तीन युवकों ने बुजुर्ग के साथ लात-घूंसे मारकर मारपीट की, जिसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन उन्हें उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है, जबकि अन्य की तलाश की जा रही है। निस्तौली गांव निवासी राजपाल उर्फ रज्जू (69) ईंट भ‍े पर मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते थे। मृतक की बहू ललिता ने बताया कि शनिवार दोपहर राजपाल घोड़े को चराने के लिए घर से निकले थे। रास्ते में उन्होंने गांव के ही संदीप और उसके दो साथियों को आपस में झगड़ते देखा। राजपाल ने उन्हें झगड़ा करने से मना किया, जिस पर तीनों युवक भड़क गए और उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि युवकों ने राजपाल को लात-घूंसे मारे, जिससे वह लडखड़ाकर जमीन पर गिर पड़े। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और गंभीर हालत में उन्हें संयुक्त अस्पताल लेकर गए। हालांकि वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि राजपाल का आरोपित युवकों से पकौड़ी खाने को लेकर विवाद हुआ था। मारपीट की सूचना मिलने पर संदीप, आतिश और संजय के खिलाफ पहले एनसीआर दर्ज की गई थी, जिसे अब गैरइरादतन हत्या की धारा में तरमीम किया जा रहा है। एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के शरीर पर बाहरी चोट के स्पष्ट निशान नहीं पाए गए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी फिलहाल मौत का ठोस कारण सामने नहीं आ सका है। एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है और मामले की गहराई से जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पूछताछ के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से गाजियाबाद उद्योगों को संजीवनी

गाजियाबाद। भारत और अमेरिका के बीच हुए अंतरिम व्यापार ढांचा समझौते ने देश के निर्यात क्षेत्र को बड़ी राहत दी है। अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ को घटाकर 18 प्रतिशत किए जाने से गाजियाबाद जिले के उद्योगों को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है। इस फैसले से न केवल निर्यातकों की चिंताएं कम होंगी, बल्कि औद्योगिक इकाइयों में दोबारा रफ्तार लौटने के आसार भी मजबूत हुए हैं। समझौते के तहत सात फरवरी के बाद अमेरिका भेजे जाने वाले सभी निर्यात ऑर्डरों पर 18 प्रतिशत टैरिफ लागू होगा। इससे पहले अगस्त में 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के कारण अमेरिका को होने वाला निर्यात लगभग ठप हो गया था। इसका सीधा असर निर्यात आधारित इकाइयों और वहां कार्यरत श्रमिकों पर पड़ा था, जिससे रोजगार संकट गहराने लगा था। अब टैरिफ में बड़ी कटौती से निर्यात दोबारा गति पकड ? की उम्मीद जताई जा रही है। गाजियाबाद से अमेरिका को इंजीनियरिंग गुड्स, ऑटो कंपोनेंट, इलेक्ट्रिकल उपकरण, प्लास्टिक उत्पाद, रेडीमेड गारमेंट और हैंडलूम उत्पादों का निर्यात किया जाता है। उद्योग संगठनों का कहना है कि टैरिफ में कमी के बाद गाजियाबाद के उत्पाद अब चीन, वियतनाम और बांग्लादेश जैसे देशों की तुलना में अधिक प्रतिस्पर्धी हो जाएंगे। इससे विशेष रूप से इंजीनियरिंग और ऑटो सेक्टर को बड़ा फायदा मिलने की संभावना है।

## नगर निगम स्कूल की छात्राओं को मिला डिजिटल भविष्य का तोहफा

**गाजियाबाद।** आधुनिक तकनीक से जुड़कर ही छात्राएं भविष्य की चुनौतियों का सामना कर सकती हैं। इसी सोच को साकार करते हुए नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने सोमवार को भोपुरा कुटी स्थित नगर निगम के विद्यालय में छात्राओं के लिए एआई एवं डिजिटल लैब का शुभारंभ किया। इस पहल का उद्देश्य नगर निगम स्कूलों में पढ ? वाली छात्राओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाना और उन्हें डिजिटल युग के अनुरूप तैयार करना है। शहीद विजय सिंह पथिक सरस्वती विद्या मंदिर, नगर निगम स्कूल कुटी भोपुरा में वर्तमान में 238 छात्राएं अध्ययनरत हैं। उनके उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए नगर आयुक्त के प्रयास से अडामा इंडिया लिमिटेड द्वारा सीएसआर के अंतर्गत अत्याधुनिक एआई एवं डिजिटल लैब की स्थापना कराई गई। लैब में बड़ी एलईडी स्क्रीन, बीस कंप्यूटर, इंटरनेट सुविधा, कुर्सियां तथा अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। नगर आयुक्त ने रिबन काटकर लैब का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान नगर आयुक्त ने दीप प्रज्वलन कर छात्राओं को आधुनिक युग में आगे बढे के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में छात्राओं का हाईटेक होना बेहद जरूरी है। उन्होंने प्रधानाचार्य को निर्देश दिए कि विद्यालय में नियमित रूप से कंप्यूटर कक्षाएं संचालित की जाएं, ताकि छात्राएं तकनीक से आत्मविश्वास के साथ जुड़ सकें। साथ ही उन्होंने अध्यापिकाओं को भी एआई और डिजिटल लैब के माध्यम से आधुनिक शिक्षण पद्धतियां अपनाने के लिए प्रेरित किया। नगर आयुक्त ने कहा कि शिक्षक जितने तकनीकी रूप से दक्ष होंगे, उतनी ही बेहतर शिक्षा छात्राओं को मिल सकेगी।

# उद्योग-अकादमिक साझेदारी से री-स्किलिंग और अप-स्किलिंग को मिलेगा नया आयाम

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** छात्रों की रोजगार क्षमता को सुदृढ़ करने और शिक्षा को उद्योग की वर्तमान आवश्यकताओं से जोडे की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए आई.टी.एस., मोहन नगर, गाजियाबाद और नैसकॉम के बीच एमओयू संपन्न हुआ। इस अवसर पर आयोजित एमओयू एक्सचेंज सेरेमनी में उद्योग-अकादमिक सहयोग को मजबूत करने, छात्रों को प्रासंगिक कौशल से लैस करने और पाठ्यक्रमों को तेजी से बदलते तकनीकी परिदृश्य के अनुरूप ढालने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आईटीएस - द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन श्री अर्पित चड्ढा ने कहा कि इस प्रकार के एमओयू केवल औपचारिक समझौते नहीं होते, बल्कि यह छात्रों के भविष्य निर्माण की ठोस नींव रखते हैं। उन्होंने कहा कि नैसकॉम जैसे प्रतिष्ठित उद्योग संगठन के साथ साझेदारी से छात्रों को उद्योग-मान्यता प्राप्त प्रमाणन, व्यावहारिक अनुभव और रोजगारोन्मुख कौशल प्राप्त होंगे, जो उन्हें वर्तमान और भविष्य दोनों की चुनौतियों के लिए तैयार करेंगे। आईटीएस के निदेशक डॉ. सुनील कुमार पांडे ने अपने स्वागत संबोधन में कहा कि आज के डिजिटल युग में री-स्किलिंग और अप-स्किलिंग कोई विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता बन चुकी है। उन्होंने बताया कि यह एमओयू न केवल छात्रों की रोजगार क्षमता बढ़ाने में सहायक होगा, बल्कि फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम्स के माध्यम से संकाय सदस्यों को भी उद्योग के नवीनतम ट्रेंड्स से जोड़ेगा, जिससे शिक्षण गुणवत्ता और अधिक प्रभावी हो सकेगी। आईटीएस यूजी कैंपस की प्राचार्या डॉ. नैन्सी शर्मा ने कहा कि यह सहयोग अकादमिक शिक्षा को वास्तविक उद्योगपरक प्रासंगिकता प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि इस एमओयू के माध्यम से छात्रों को उभरती तकनीकों में प्रमाणन, इंडस्ट्री कनेक्टेड प्रोग्राम्स और उद्योग विशेषज्ञों द्वारा संचालित करियर-उन्मुख सत्रों का सीधा लाभ मिलेगा।

# राष्ट्रनिर्माण की आत्मा हैं डॉ. राजेंद्र प्रसादः नई पीढ़ी के लिए आज भी प्रासंगिक उनकी विरासत

वेलकम इंडिया

**एनसीआर/नई दिल्ली।** भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जीवन-दृष्टि और मूल्य आज भी देश की पीढियों को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। यह विचार अधिवक्ता नवेश कुमार ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद स्मृति सम्मान 2026 समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में व्यक्त किए। डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती के अवसर पर नई दिल्ली स्थित राजेंद्र भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में राष्ट्रनिर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को स्मरण करते हुए उनके विचारों की समकालीन प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला गया। अपने संबोधन में पत्रकार से अधिवक्ता बने नवेश कुमार ने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय और निर्णायक भूमिका निभाई। उन्होंने संविधान सभा के अध्यक्ष के रूप में न केवल संविधान निर्माण की प्रक्रिया का मार्गदर्शन किया, बल्कि विविध विचारों और मतों को एक सूत्र में पिरोकर लोकतांत्रिक भारत की मजबूत नींव रखी। उन्होंने कहा कि प्रथम राष्ट्रपति के रूप में डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने अत्यंत गरिमा, स्पष्ट उद्देश्य और संवैधानिक मयार्दाओं के साथ राष्ट्र की सेवा की। नवेश कुमार ने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद का सार्वजनिक जीवन सादगी, साहस और राष्ट्रीय एकता के प्रति गहरी प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा है। सर्वोच्च संवैधानिक पद पर रहते हुए भी उनका जीवन अत्यंत सरल रहा और वे जनसेवा को ही अपना धर्म मानते थे। उनका राष्ट्रपति कार्यकाल विनम्रता, निष्पक्षता और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अटूट समर्पण का आदर्श उदाहरण है।

# पुलिस उपायुक्त नगर ने सुनी जनसमस्याएं

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** पुलिस उपायुक्त नगर धवल जायसवाल ने अपने कार्यालय में शिकायत लेकर पहुंचे नागरिकों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनकी समस्याएं गंभीरता से सुनीं। इस दौरान उन्होंने प्रत्येक शिकायत का बारीकी से अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी मामलों का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। पुलिस उपायुक्त नगर ने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं का शीघ्र समाधान पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी नागरिक को अनावश्यक रूप से भटकना नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता और संवेदनशीलता बनाए रखना अनिवार्य है, ताकि आमजन का पुलिस के प्रति विश्वास और मजबूत हो सके। कार्यालय में हुई इस जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे प्राप्त शिकायतों की नियमित निगरानी करें और पीड़ित पक्ष को कार्यवाही की जानकारी समय-समय पर उपलब्ध कराएं। पुलिस उपायुक्त ने यह भी कहा कि कानून-व्यवस्था के साथ-साथ नागरिकों की समस्याओं को सुनना और उनका समाधान करना पुलिस की जिम्मेदारी का अहम हिस्सा है। जनसुनवाई के माध्यम से नागरिकों ने पुलिस प्रशासन के इस संवेदनशील और संवादात्मक रवैये की सराहना की और उम्मीद जताई कि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा।

# फॉर्च्यून रेजिडेंसी एओए चुनाव कार्यक्रम घोषित, 9 फरवरी से शुरू होगी औपचारिक प्रक्रिया

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** फॉर्च्यून रेजिडेंसी, एनएच-58, राजनगर एक्सटेंशन स्थित अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन (एओए) के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। नामित निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय से जारी सूचना के अनुसार चुनाव प्रक्रिया निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार संपन्न कराई जाएगी। निर्वाचन कार्यक्रम के तहत अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 9 फरवरी 2026 को दोपहर 12 बजे एओए के नोटिस बोर्ड पर किया जाएगा, जिससे सभी पात्र मतदाता अपने नाम की पुष्टि कर सकें। चुनाव में भाग लेने के इच्छुक सदस्यों के लिए नामांकन पत्र एओए कार्यालय से उपलब्ध कराए जाएंगे, जिन्हें प्राप्त करने की अंतिम तिथि 10 फरवरी 2026 को शाम 4 बजे तक निर्धारित की गई है। नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 12 फरवरी 2026 को शाम 6 बजकर 30 मिनट तक रखी गई है। नामांकन पत्र एओए कार्यालय में एस्टेट मैनेजर के पास जमा किए जाएंगे। नामांकन पत्रों की वापसी 13 फरवरी 2026 को दोपहर 12 बजे तक की जा सकेगी। इसके पश्चात उसी दिन शाम 5 बजे अंतिम उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी जाएगी। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार मतदान 22 फरवरी 2026 को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक कराया जाएगा। मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद शाम 4 बजकर 15 मिनट से मतगणना प्रारंभ की जाएगी, जो अंतिम परिणाम घोषित होने तक जारी रहेगी। मतगणना पूर्ण होते ही उसी दिन 22 फरवरी 2026 को चुनाव परिणामों की औपचारिक घोषणा कर दी जाएगी। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं और सभी सदस्यों से सक्रिय सहभागिता की अपील की गई है।

# यूजीसी के नए कानून के विरोध में डासना में 36 बिरादरियों की महापंचायत

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** डासना स्थित शिवशक्ति धाम में रविवार को यूजीसी के नए कानून के विरोध में 36 बिरादरियों की विशाल महापंचायत का आयोजन किया गया। महापंचायत के दौरान पूर्व मिस एशिया इंटरनेशनल और महाकाली वाहिनी की समन्वयक डॉ. उदिता त्यागी ने छह दिनों से जारी अपने आमरण अनशन को पानी पीकर समाप्त किया, लेकिन साथ ही आंदोलन को और तेज करने का एलान किया। डॉ. उदिता त्यागी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह अनशन भले ही समाप्त हो रहा हो, लेकिन बच्चों के भविष्य की लड़ाई अब और मजबूती से लड़ी जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि आवश्यकता पड़ी तो महाकाली वाहिनी रेल रोकने, सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करने और देशव्यापी जनआंदोलन छेडे से पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने कहा कि सरकार यह बात समझ ले कि समाज अपने बच्चों के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं करेगा और किसी भी कीमत पर यूजीसी का नया कानून लागू नहीं होने दिया जाएगा। डॉ. उदिता त्यागी ने यह भी घोषणा की कि वे देशभर के धर्मगुरुओं से संपर्क कर यूजीसी के नए कानून के खिलाफ समर्थन जुटाएंगी। उनका कहना था कि यह केवल एक संगठन या वर्ग की लड़ाई नहीं, बल्कि पूरे समाज और आने वाली पीढियों के भविष्य से जुड़ा विषय है। महापंचायत को संबोधित करते हुए पीठाधीश्वर यति नरसिंहानंद गिरी ने यूजीसी के नए कानून को हिंदू समाज को बांटने की योजना का हिस्सा बताया।

